संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया , मंगलवार 30 सितंबर 2025 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 190







# प्रधानमंत्री मोदी 01 अक्टूबर को जारी करेंगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिक्का और डाक टिकट



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष की तैयारियों के बीच एक अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशेष स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे। यह कार्यक्रम दिल्ली स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होगा।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी के साथ संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। डाक विभाग और वित्त मंत्रालय की ओर से तैयार किए गए इस विशेष सिक्के और डाक टिकट को संघ के शताब्दी वर्ष की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर जारी किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। आगामी दो अक्टूबर को विजयादशमी के दिन संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भी विशेष रूप से संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था कि पूजनीय डॉ हेडगेवार ने देश को वैचारिक गुलामी की मानसिकता से बाहर निकालने के लिए संघ की स्थापना की थी।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की



**पटना,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महासप्तमी पर्व पर पटना स्थित खाजपुरा शिव मंदिर एवं शेखपुरा दुर्गा आश्रम पंडाल में जाकर मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना करते हुए सभी बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के सरकारी आवास पर भी महाआरती में हिस्सा लिया। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, विधायक संजीव चौरसिया, जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



ॐ देवी महागौरी नमः
या देवी सर्वभूतेषु शुद्ध रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

**शारदीय नवरात्र का सातवां दिन मां कालरात्रि की आराधना को समर्पित रहा। सोमवार को राजधानी समेत विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मां कालरात्रि का स्वरूप भक्तों के लिए अंधकार और संकटों का नाश करने वाला माना जाता है। वहीं, आज मंगलवार को महाअष्टमी पर मां महागौरी की उपासना की जाएगी। महाअष्टमी पर कन्या पूजन और हवन का विशेष महत्व है। श्रद्धालु दिनभर उपवास रखकर मां को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजन करेंगे। भक्तिमय माहौल में श्रद्धा की उमंग चरम पर रहेगी।**

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करूर में भगदड़ वाले इलाके का किया दौरा



**करूर,** (हि.स.)। तमिलनाडु के करूर में भगदड़ की घटना के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को इलाके का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों से घटना के बारे में जानकारी ली। इस भगदड़ में अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज करूर के वेलायुधमपालयम में भगदड़ वाले इलाके का दौरा किया और उसका निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली। निर्मला सीतारमण भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों और अस्पताल में इलाज करा रहे लोगों से भी मुलाकात करने वाली हैं। केंद्रीय मंत्री मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना देंगी तथा घायलों को हाल जानेंगी।

उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के वेत्री कागमगन नेता विजय की ओर से आयोजित एक चुनावी रैली में अचानक भगदड़ मच गयी थी। करूर ज़िले के वेलायुधमपालयम में चुनाव प्रचार के दौरान मची इस भगदड़ में दबने से 41 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, 100 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

## बिहार को दीपावली और छठ से पहले मिली सात नई ट्रेनों की सौगात, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया शुभारम्भ

**पटना,** (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव-2025 से पहले केंद्र सरकार ने राज्यवासियों को 7 नई ट्रेनों की सौगात दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ट्रेनों का शुभारंभ किया।

पटना जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेनों को रवाना किया। रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बिहार का चौतरफा विकास हो रहा है।



**नई पैसेंजर ट्रेनें** : आज से चार नई पैसेंजर ट्रेनें शुरू हुई हैं। झाझा–दानापुर, पटना–बक्सर, नवादा–पटना और पटना–इस्लामपुर ट्रेनें यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाएंगी। इनका नियमित परिचालन 1 अक्टूबर से होगा।

**यात्रियों और राज्य के लिए लाभ**

**अमृत भारत एक्सप्रेस**

बिहार को तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें मिली हैं। मुजफ्फरपुर–चर्लपल्ली, दरभंगा–मदार और छपरा–आनंद विहार के बीच ट्रेनें परिचालित होंगी। नियमित समय सारणी अक्टूबर से लागू होगी।

नई ट्रेनों से बिहारवासियों को दिल्ली, हैदराबाद, राजस्थान के अलावा राज्य के भीतर यात्रा में राहत मिलेगी। रेलवे के विकास से राज्य की आर्थिक और बुनियादी ढांचा वृद्धि को भी बल मिला है।

## देश में जीएसटी 2.0 लागू, एनसीएच को मिली 3,000 शिकायतें

**नई दिल्ली,** (हि.स)। जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) को 3,000 शिकायतें मिली हैं। ये शिकायतें कम करों और भ्रामक छूट प्रथाओं से जुड़ी हैं और आगे की कार्रवाई के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को भेजी गई हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि मंत्रालय शिकायतों की निगरानी कर रहा है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता व चैटबॉट तकनीक का उपयोग कर जानकारी प्राप्त कर रहा है। सरकार की निगरानी का उद्देश्य है कि जीएसटी दरों में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।



# मुख्यमंत्री ने 11,921 करोड़ रुपये की 20,658 योजनाओं का किया शिलान्यास, कार्यारंभ-उद्घाटन

**पटना,** (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' से रिमोट के माध्यम से 11,921 करोड़ रुपये की 20,658 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ और उद्घाटन किया। इनमें 7,805 करोड़ रुपये की लागत से 16,065 जन सुविधा और विकास से संबंधित योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ तथा 4,116 करोड़ रुपये की लागत से 4,593 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है।



**01:** भवन निर्माण विभाग की 97 योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ 997 करोड़ रुपये की लागत से और 137 योजनाओं का उद्घाटन 2,467 करोड़ रुपये की लागत से हुआ।

**02:** लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की 15,670 जलापूर्ति योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ 5,190 करोड़ रुपये की लागत से और 4,312 योजनाओं का उद्घाटन 1,377 करोड़ रुपये की लागत से हुआ।

**03:** स्वास्थ्य विभाग की 281 योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ 1,121 करोड़ रुपये की लागत से और 144 योजनाओं का उद्घाटन 272 करोड़ रुपये की लागत से हुआ।

**भवन निर्माण विभाग की प्रमुख योजनाएँ** : भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा, पशु एवं मत्स्य संसाधन, समाज कल्याण, परिवहन, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, खेल, श्रम संसाधन, राजस्व एवं भूमि सुधार, कला संस्कृति एवं युवा, आपदा प्रबंधन, गृह, कृषि, सामान्य प्रशासन और वाणिज्य कर विभागों के भवन निर्माण से संबंधित 97 योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ 997 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। साथ ही, 137 योजनाओं का उद्घाटन 2,467 करोड़ रुपये की लागत से किया गया।

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की योजनाएँ** : लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के तहत छूटे हुए टोलों में पेयजल आपूर्ति एवं बहुग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित 15,670 योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ 5,190 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। इसके अलावा, 4,312 योजनाओं का उद्घाटन 1,377 करोड़ रुपये की लागत से हुआ।

**स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख परियोजनाएँ** : स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक भवन, अनुमंडलीय अस्पताल, औषधि भंडार गृह और स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से संबंधित 281 योजनाओं का शिलान्यास/कार्यारंभ 1,121 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। 144 योजनाओं का उद्घाटन 272 करोड़ रुपये की लागत से हुआ।

**पर्यटन और जल संसाधन विभाग की पहल** : पर्यटन विभाग के अंतर्गत 17 योजनाओं का शिलान्यास 497 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। वहीं लघु जल संसाधन विभाग के तहत मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना के 13,716 लाभार्थियों के खाते में 81 करोड़ 29 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए गए।

**मुख्यमंत्री का संदेश** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि सभी संबंधित विभागों को इस उपलब्धि के लिए बधाई। इन योजनाओं के कार्यान्वयन से राज्य में विकास कार्यों को नई गति और दिशा मिलेगी, जिसका प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को मिलेगा और उनके जीवन-स्तर में सुधार होगा।

## एशिया कप टी-20 में टीम इंडिया की जीत पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**पटना,** (हि.स.) भारत ने रविवार (28 सितंबर) को खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराकर एशिया कप टी-20 का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत पर मुख्यमंत्री नीतीश सहित विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने टीम इंडिया को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि एशिया कप 2025 के फाइनल में पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की शानदार जीत पर भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस जीत पर आज पूरा देश हर्षित और गौरवान्वित है।

एशिया कप के 41 सालों के इतिहास में यह पहला मौका था, जब भारत और पाकिस्तान की टीम फाइनल में आमने-सामने थीं, और जीत हमारी हुई।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी टीम इंडिया को बधाई देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने कहा कि भारत को जीत की हार्दिक बधाई।

जीतनराम मांझी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- बेशक पाकिस्तान के साथ खेलना हमारा एजेंडा नहीं था। बल्कि पाकिस्तान को यह बताना था कि जमीन से लेकर आसमान तक, सड़क से लेकर समुदर तक, बार्डर से लेकर खेल के मैदान तक, हम चैंपियन थें और चैंपियन ही रहेंगें। बधाई हो मेरे शेरों,बधाई टीम इंडिया।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मुख्यमंत्री के सहयोग से बिहार में रेलवे को मिल रही है नई दिशा : सम्राट चौधरी

**पटना,** (हि.स.) रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली से वर्चुअल और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना जंक्शन से सोमवार को तीन अमृत भारत एक्सप्रेस सहित कुल सात नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इनमें मुजफ्फरपुर-चर्लपल्ली, दरभंगा-मदार और छपरा-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस आधुनिक सुविधाओं और किफायती यात्रा का प्रतीक हैं।



**नई रेल परियोजनाएँ और सुविधाएँ** : पटना जंक्शन पर नया टर्मिनल, फतुहा में मेगा कोचिंग टर्मिनल और झाझा-डीडीयू के बीच तीसरी व चौथी लाइन के निर्माण की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड के दोहरीकरण और सुल्तानगंज-कटोरिया नई रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी मिल चुकी है। गंगा नदी पर कई रेल-सड़क पुलों का निर्माण भी जारी है, जिससे उत्तर और दक्षिण बिहार का जुड़ाव मजबूत होगा।

**पैसेंजर ट्रेनों से यात्रियों को सुविधा** : अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 3,164 करोड़ रुपये की लागत से बिहार के 98 स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। नई ट्रेनों से दक्षिण भारत और दिल्ली की यात्रा और अधिक सुगम होगी। इसके साथ ही पटना-बक्सर, झाझा-दानापुर, पटना-इसलामपुर और शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ होते हुए नवादा के लिए पैसेंजर ट्रेनों की शुरुआत हुई है। विशेष रूप से शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना सपना था, जो अब साकार हो गया है।

**बिहार की रेलवे कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई** : इन नई ट्रेनों के परिचालन के बाद अब बिहार से कुल 13 अमृत भारत एक्सप्रेस चलेंगी। सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में रेलवे विकास को नई दिशा मिली है। केंद्र सरकार ने इस वर्ष बिहार के लिए रिकॉर्ड 10,066 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जो पिछली सरकारों की तुलना में नौ गुना अधिक है।

# सारण पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**पटना,** (हि.स.) दुर्गापूजा को लेकर विशेष समकालीन अभियान एवं विधि-व्यवस्था संधारण के क्रम में सोनपुर थाना पुलिस द्वारा गश्ती के दौरान अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया गया।

सोनपुर थाना पुलिस टीम द्वारा ग्राम परवेजाबाद स्थित शिवमंदिर के पास सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।

छापेमारी के क्रम में पुलिस टीम को देखते ही कुछ युवक भागने लगे, किंतु एक युवक पुलिस घेराबंदी में आ गया। जिसकी पहचान बादल कुमार, पिता-मंटू राय, ग्राम-परवेजाबाद, थाना-सोनपुर, जिला-सारण के रूप में हुई। उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया।

पूछताछ के क्रम में बादल कुमार ने स्वीकार किया कि उसका विवाद कुछ ग्रामीण युवकों से हुआ था, जिसके बाद उसके साथी धनेश



कुमार राय, पिता-बली राय, ग्राम-परवेजाबाद बदुराही, थाना-सोनपुर, जिला-सारण द्वारा यह अवैध देशी कट्टा उपलब्ध कराया गया था ताकि दोबारा झगड़े जैसी स्थिति बने तो उस दौरान गोली चलायी जा सके। इस संबंध में अभियुक्त बादल कुमार को विधिवत गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध तथा सहअभियुक्त धनेश कुमार राय के विरुद्ध सोनपुर थाना कांड सं0-971/25, दिनांक-28.09.25, धारा-25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

# बिहार चुनाव 2025 : शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने गौ भक्त उम्मीदवारों के साथ सनातनी राजनीति की घोषणा

**पटना/आरा,** (हि.स.)। आरा पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बिहार की राजनीति में सनातनी राजनीति का शंखनाद किया। उन्होंने गौ मतदाता संकल्प यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर निर्दल गौ भक्त प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। शंकराचार्य ने प्रेस से कहा कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है, जब हम गौ माता का संरक्षण करेंगे। उन्होंने गौ रक्षा को केवल आस्था का




विषय नहीं, बल्कि संस्कृति और समाज की नींव बताया। उन्होंने सनातनी हिन्दुओं से अपील की कि गौ माता को राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए केवल ऐसे प्रत्याशियों को समर्थन दें, जो गौ रक्षा के मुद्दे पर दृढ़ संकल्पित हों उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पार्टियों से दिल्ली में मिलकर इस मुद्दे पर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। इसलिए उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया। सभी क्षेत्रों से प्रत्याशियों की सूची नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी की जाएगी।

# 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' स्वरोजगार के क्षेत्र में नई क्रांति साबित होगी : संजय झा

## 'मिशन 2025' को सफल बनाने में जद (यू) महिला प्रकोष्ठ की भूमिका निर्णायक होने वाली है: उमेश सिंह कुशवाहा




**पटना,** (हि.स.) बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने सोमवार को पटना में महिला नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इस अवसर पर महिलाओं से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

**महिला मतदाताओं की निर्णायक भूमिका :** पत्रकारों से बातचीत में संजय झा ने कहा कि हाल के चुनावों में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभा चुकी हैं और इस बार भी वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पक्ष में पूरी तरह एकजुट हैं। उन्होंने बताया कि चाहे मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम हों या राजग कार्यकर्ता सम्मेलन, महिलाओं की भारी उपस्थिति उनके अटूट विश्वास का प्रमाण है।

**मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का महत्व** : संजय झा ने मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की नई क्रांति बताया। इस योजना से न केवल लाभार्थियों के परिवार सशक्त होंगे, बल्कि बिहार की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उन्होंने महिला प्रकोष्ठ की सभी पदाधिकारियों से आगामी 40 दिनों तक पूरी सक्रियता से सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करने का आग्रह किया।

**मिशन 225 के लिए तैयारी** प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने महिलाओं के आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक और राजनीतिक उत्थान के लिए नीतीश सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुँचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में 'मिशन 225' को सफल बनाने के लिए महिला प्रकोष्ठ पूरी तत्परता और समर्पण के साथ जुटे। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता और वर्चुअल माध्यम से प्रदेश पदाधिकारी भी जुड़े।

# बिहार में दो अक्टूबर से छह अक्टूबर के बीच भारी वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना



**पटना,** (हि.स.) मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार दशहरा में इस बार प्रदेश के अधिसंख्य भागों में वर्षा के आसार है। प्रदेश में दो अक्टूबर से छह अक्टूबर के बीच उत्तर बिहार एवं पूर्वी बिहार के कई जिलों में भारी वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है।

इस अवधि के दौरान कई स्थानों पर मेघ गर्जन, वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की गई है। अत्यधिक वर्षा होने से नदियों के जल ग्रहण क्षेत्रों में भारी वृद्धि की संभावना है। सोमवार को पटना सहित अधिसंख्य भागों में बादल छाए रहने के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।

प्रदेश के सात जिलों के सुपौल, अररिया, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी है। पांच दिनों के दौरान तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

**बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के प्रमुख शहरों में वर्षा की स्थिति:**

पटना के अलग-अलग भागों में वर्षा हुई। पटना के बाढ़ में 21.2 मिमी, गयाजी के गुरूआ में 19.3 मिमी, पटना के बेलछी में 17.6 मिमी, वैशाली के राघोपुर में 10 मिमी, समस्तीपुर के मोहनपुर में 9.0 मिमी, औरंगाबाद के ओबरा में 8.6 मिमी, जमुई में सात मिमी, भोजपुर के कोइलवर में 6 मिमी, रोहतास के बिक्रमगंज में पांच मिमी, समस्तीपुर के पटोरी में 4.8 मिमी, नालंदा के बिंद में 4.4 मिमी, पटना के मोकामा में 3.6 मिमी, बांका के चंदन में 3.2 मिमी, बांका के कटोरिया में 2.8 मिमी, औरंगाबाद के दाउदनगर में 2.6 मिमी, पटना के दानापुर में 2.2 मिमी, रोहतास के नौहट्टा में 2.2 मिमी, भोजपुर के जगदीशपुर में 2.1 मिमी, गयाजी के डोभी में 2.1 मिमी एवं औरंगाबाद के रफीगंज में दो मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# सिताबदियारा के क्रांति मैदान में लोकनायक व प्रभावती देवी की मूर्ति के सेड और चबूतरे का हुआ उद्घाटन

**पटना,** (हि.स.) सारण जिले के सिताबदियारा स्थित ऐतिहासिक क्रांति मैदान में रविवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण और उनकी धर्मपत्नी प्रभावती देवी की स्मृति में निर्मित मूर्ति सेड और चबूतरे का उद्घाटन किया गया। यह कार्यक्रम जयप्रभा स्मारक ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन छपरा विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता, शकुंतला सिन्हा, ट्रस्ट की उपाध्यक्ष मीना सिंह, स्थानीय मुखिया मनोकामना सिंह और भाजपा नेता रमाकांत सिंह



सोलंकी ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान वक्ताओं ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके विचारों को आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक बताया।

वक्ताओं ने बताया कि जयप्रभा ट्रस्ट की स्थापना वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. मणिन्द्र कुमार सिन्हा के प्रयासों से हुई थी, जिसमें स्थानीय लोगों ने भूमि दान कर सहयोग दिया। वर्ष 2015 में यहां चबूतरे का निर्माण प्रारंभ हुआ था और इसके ऊपर जयप्रभा देवी की प्रतिमा स्थापित की गई। ट्रस्ट के विकास में उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह और सचिव जरनैल सिंह का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता ने कहा कि स्मारक के सौंदर्याकरण एवं आगे के विकास कार्यों के लिए वे हर संभव सहयोग देने को प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया। मौके पर लाल बिहारी सिंह, अपर लोक अभियोजक जितेंद्र कुमार सिंह, जिला पार्षद गुड्डू साह, रिविलगंज के उप प्रमुख रामबिहारी सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक : पूर्णिया में जिला बैंकिंग और एनबीएफसी समीक्षा बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रहा जोर

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---

**जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने पीएमएफएमई और पीएमएफएमई और महिला स्वरोजगार योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए दिए दिशा-निर्देश**

---



एनबीएफसी समीक्षा बैठक करते डीएम पूर्णिया एव जिले के बैंकिंग अधिकारी

जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार की अध्यक्षता में जिला के सभी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक, शाखा प्रबंधक, जिला समन्वयक एवं गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) के प्रतिनिधियों की एक समीक्षात्मक बैठक सोमवार कों आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बैंकिंग और वित्तीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश देना था। बैठक में जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (PMFME), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) और मुख्यमंत्री महिला स्वरोजगार योजना की सफल कार्यान्वयन प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को योजनाओं के लाभार्थियों तक प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने, ऋण वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने और ग्रामीण एवं महिला उद्यमियों के आर्थिक सशक्तिकरण पर जोर देने की आवश्यकता बताई।

**स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर जोर**

---

जिला पदाधिकारी ने कहा कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि लाभार्थियों की पहचान, ऋण आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बैंकों और एनबीएफसी को बताया कि ग्रामीण और महिला उद्यमियों को वित्तीय सेवाओं तक सरल पहुँच प्रदान करना आवश्यक है।

**उपलब्धियों और चुनौतियों पर की गयी चर्चा**

---

बैठक में सहायक समाहर्ता पूर्णिया, उप विकास आयुक्त पूर्णिया, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था पूर्णिया, अग्रणी जिला प्रबंधक (LDM) पूर्णिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने योजनाओं की समीक्षा के दौरान उपलब्धियों और चुनौतियों पर चर्चा की और समाधान के लिए ठोस कदम सुझाए। इस अवसर पर
जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया
कि योजना लाभार्थियों तक समय पर वित्तीय और तकनीकी सहायता पहुँचे।

मुख्य बिंदुः

---

1 **जिला में PMFME, PMEGP और महिला स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न।**

---

1 **जिला पदाधिकारी ने बैंकों और NBFCs को योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु दिशा-निर्देश दिए।**

---

1 **अधिकारियों ने लाभार्थियों तक समय पर वित्तीय और तकनीकी सहायता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।**

# डगरूआ प्रखंड में 9.81 करोड़ की लागत से बनेगा बहुद्देशिय भवन अल्पसंख्यक समुदाय के सेमिनार और विवाह जैसे कार्यक्रम होंगे आयोजित

## पटना में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए बहुउद्देशीय भवन का मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास, एव उद्घाटन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---



प्रतीकात्मक तस्वीर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना स्थित 'संकल्प' केंद्र से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास एवं कार्यारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्णिया जिला के प्रखंड डगरूआ में भी कार्यक्रमों का उद्घाटन किया।
इस अवसर पर डगरूआ प्रखंड में वक्फ विकास योजना के अंतर्गत बहुउद्देशीय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस भवन का उपयोग मुख्य रूप से अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा सेमिनार, विवाह और अन्य सार्वजनिक अवसरों पर किया जा सकेगा।
अधिकारियों ने बताया कि इस बहुउद्देशीय भवन के निर्माण पर कुल 9.81 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, पूर्णिया ने कहा कि इस भवन के बनने से समुदाय के लोगों को सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन करने में पर्याप्त सुविधा और सहूलियत प्राप्त होगी।
उन्होंने यह भी बताया कि यह पहल समुदाय के सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और स्थानीय लोगों को सामाजिक गतिविधियों में बढ़ावा मिलेगा।

# पूर्णिया ईस्ट ब्लॉक में विधायक विजय खेमका ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

## विधायक निधि राशि से होगी रानीपतरा सर्वोदय गांधी पुस्तकालय का जिर्णोद्धार कार्य, विधायक ने किया उद्घाटन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---



पूर्णिया विधानसभा क्षेत्र के ईस्ट ब्लॉक में विधायक विजय खेमका ने कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विधायक निधि से रानीपतरा सर्वोदय गांधी पुस्तकालय के जिर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन भी किया। इसके साथ ही विधायक ने धनगामा कोहवार स्थान पर शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण और बरबन्ना में आंगनबाड़ी केंद्र से चौहान टोला तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

**राजीगंज और गौरा पंचायतों में सड़कों का निर्माण**

विधायक ने राजीगंज पंचायत में मटिया–मोतीनगर और गौरा पंचायत में कदवा–डांगी सड़क के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया, इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे आसपास के पंचायतों का आवागमन अधिक सुगम होगा। इसी दौरान , दीवानगंज पंचायत में बिलरिया से बरबन्ना तक RWD सड़क का उद्घाटन विधायक द्वारा किया गया।

**ईस्ट ब्लॉक में 14 नई सड़कें और 40 सड़कें**

मौक़े पर विधायक विजय खेमका ने कहा कि ईस्ट ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों में 14 नई सड़कों का पक्कीकरण जल्द शुरू होगा, जबकि ग्रामीण कार्य विभाग के उन्नयन योजना के तहत 40 सड़कें अगले सप्ताह से जिर्णोद्धार कार्य में शामिल होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि गांवों में अब शहर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं, जैसे पंचायत भवन, खेल के मैदान, हेल्थ सेंटर, नल-जल, एलईडी लाईट, हर घर बिजली और स्कूल भवन।

**विकास कार्यों के लिए जनता का सहयोग महत्वपूर्ण**

विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में पिछले दस वर्षों में पूर्णिया का विकास बेमिसाल हुआ है और जनता के आशीर्वाद से यह विकास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।
कार्यक्रम स्थल पर मनोज गोस्वामी, पानो देवी, मंगल पोद्दार, बिरेन्द्र सिंह, नूतन देवी, दशरथ चौहान, बादल यादव, विनोद मेहता, त्रिभुवन राय, संजय राय, लखविंदर राय, चंद्रभामा देवी, बबलू चौहान, विमल मंडल, शशि चौधरी, दिलीप मेहता, योगेंद्र यादव, मुंशी यादव, मुख्तार आलम, जिला पार्षद राजीव सिंह, मुखिया दिलीप चौहान, योगेंद्र यादव, राजेन्द्र मेहता, हेम नारायण मेहता, मायारानी दास, मंटू चौधरी, दत्ताराम पांडे, जगदीश ऋषि सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महापौर विभा कुमारी कलश शोभायात्रा में हुईं शामिल, नवरात्र पर नगर निगम की व्यापक तैयारियां

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---



.पूर्णिया में शारदीय नवरात्र की महासप्तमी के अवसर पर सोमवार को श्री श्री 108 सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, कालीगंज से कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में महापौर विभा कुमारी सहित सैकड़ों स्थानीय नागरिक और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कलश यात्रा कालीगंज दुर्गा मंदिर से शुरू होकर बेलौरी, कटिहार मोड़, बगुला चैक, पूर्णिया जंक्शन होते हुए काली मंदिर सिटी घाट तक पहुंची। यहाँ विद्वान पंडितों की उपस्थिति में संकल्प कराया गया और जल भरकर सभी श्रद्धालु पुनः कालीगंज दुर्गा मंदिर लौटे, जहाँ पूजा-अर्चना का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ।

**नगर निगम की ओर से व्यापक तैयारियां**

महापौर विभा कुमारी ने कहा कि दुर्गा पूजा और भक्ति जागरण कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय है। इस वर्ष नगर निगम द्वारा सभी पूजा पंडालों एवं मंदिरों के आसपास सफाई, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, खराब सड़कों की मरम्मत और लाइटिंग की उचित व्यवस्था की गई है। नगर निगम ने पूजा पंडालों में स्थायी सफाई कर्मियों की तैनाती की है, जो दिन-रात पूजा पंडाल और रास्तों की साफ-सफाई करेंगे।

**धार्मिक आस्था और शुभकामनाएं**

महापौर ने कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों से पूर्व कलश यात्रा निकालना अनुष्ठान की सफलता और देवी-देवताओं के वास का प्रतीक है। उन्होंने मंदिर कमेटी के सदस्यों को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी और नगर वासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। महापौर ने शहरवासियों से अनुरोध किया कि वे दुर्गा पूजा शांति और श्रद्धा के साथ मनाएं।

**आने वाले कार्यक्रम**

मंगलवार को महाष्टमी के अवसर पर कालीगंज दुर्गा मंदिर में रात्रि भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तिमय वातावरण और धार्मिक परंपरा का विशेष आयोजन किया जाएगा।

# पूर्णिया जिला क्रिकेट संघ में विवाद : 45वीं जिला क्रिकेट लीग पर संकट के बादल

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---



पूर्णिया जिला क्रिकेट संघ (डीसीए) में चल रहे विवाद ने आगामी 45वीं जिला क्रिकेट लीग मैच प्रतियोगिता पर संकट के बादल खड़े कर दिए हैं। संघ के कथित नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने 23 सितम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक डीएसए ग्राउंड के आवंटन के बाद सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। लेकिन इस बीच मैदान आवंटन और समिति गठन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**मैदान आवंटन पर विवाद**

संघ सचिव मो. इरशाद आलम ने आरोप लगाया कि पूर्व समिति सदस्य द्वारा 1 सितम्बर से 30 नवम्बर तक के लिए मैदान आवंटन का पत्र निर्गत किया गया था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या उन्हें इस तरह से मैदान आवंटन का अधिकार है? इरशाद आलम ने इसे संघ की वैध प्रतियोगिता को प्रभावित करने का प्रयास बताया है!

**लगाया लापरवाही का आरोप**

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि संघ के निवर्तमान पदाधिकारियों ने पिछले 4-5 सालों में कभी नियमित रूप से जिला क्रिकेट लीग का आयोजन नहीं किया। यहां तक कि सत्र 2024-25 में रजिस्ट्रेशन होने के बावजूद एक भी गेंद नहीं फेंकी गई। आरोप लगाया गया कि रजिस्टर क्लबों की फीस वापस नहीं की गई और कागज़ी टीमों का गठन किया गया।

**नए पदाधिकारियों का चुनाव और बिहार क्रिकेट संघ की भूमिका**

संघ के 34 रजिस्टर क्लबों में से 21 क्लबों ने 31 अगस्त 2025 को बैठक कर नई कमिटी का गठन किया और इसकी सूचना 1 सितम्बर को बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) को भेज दी। लेकिन आरोप है कि बीसीए ने अपनी मनपसंद कमिटी न देखकर 7 सितम्बर को बंद कमरे में एक गैर-संवैधानिक कमिटी गठित कर दी, जबकि 4 सितम्बर को ही बीसीए ने वार्षिक आम बैठक और चुनाव अधिसूचना जारी की थी। इरशाद आलम ने कहा कि "बायलॉज के मुताबिक न तो अधिसूचना जारी की गई, न समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित हुई, न ही मतदाता सूची और नामांकन प्रक्रिया अपनाई गई।" इस विवाद को बीसीए के लोकपाल के समक्ष भी पेश कर दिया गया है।

**पारदर्शी चुनाव की मांग**

संघ के सचिव ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि वे अपने नेतृत्व में बायलॉज के अनुसार चुनाव कराएं, ताकि वैध रूप से चुने गए पदाधिकारी ही संघ का नेतृत्व कर सकें। उन्होंने कहा, "इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।"

# कार्यवाई पूर्णिया सहायक खजाँची पुलिस की जुआ के विरुद्ध सख्त कार्यवाई 11 जुआड़ियों को पकड़ा, अग्रिम कार्यवाई शुरू

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---



पूर्णिया सहायक खजाँची पुलिस ने जुआ और अवैध सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध सख्ती दिखाते हुए 11 जुआड़ियों को गिरफ्तार किया है। जुआडियों के विरुद्ध यह कार्यवाई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर की है ! सहायक खजांची थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौक़े से कुल 261 पीस प्लेइंग कार्ड, एक तौलिया, नकद 2,01,800/- रुपये और 9 मोबाइल बरामद किए। इस दौरान गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में अमित कुमार, मो. शहबाज, मो. मनीरूल, मो. खुशरुद्दीन, पंकज कुमार झा, विशुनदेव पंडित, मो. इम्तियाज, चंदन मलिक, मो. महताब, अमित कुमार जायसवाल और मो. छोटू शामिल हैं। सभी अभियुक्त पूर्णिया जिले के निवासी हैं और विभिन्न वार्डों से संबंध रखते हैं।

**जुआ और सट्टा के पुलिस की मुहिम तेज**

पुलिस ने बताया कि यह कार्यवाई जिले में जुआ और सट्टा रोकने के लिए की गई लगातार पहलों का हिस्सा है। इससे पहले भी पूर्णिया, कटिहार मोड़ और गुलाबबाग क्षेत्रों में पुलिस ने जुआड़ियों के खिलाफ छापेमारी करते हुए प्लेइंग कार्ड और अन्य सामान बरामद किया था। इस प्रकार की लगातार कार्यवाई से पुलिस जुआ और अवैध सट्टा पर अंकुश लगाने के प्रयास कर रही है।

**अवैध गतिविधियों पर पुलिस नकेल कों तैयार**

पुलिस अधीक्षक ने जिले भर के सभी थानाध्यक्ष कों साफ संदेश दिया है कि अबैध गतिविधियों सट्टा जुआ एवं अन्य किसी भी गैर कानूनी काम के विरुद्ध सख्त कार्यवाई कि जाय ! पुलिस सूत्रों से उपलब्ध जानकारी के मुताबीज पूर्णिया पुलिस की जुआ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल सम्बंधित थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ! वही पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध जुआ गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें, ताकि कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

**कई जगहों पर सजती है जुए की महफिल, सब पर है पुलिस की नजर**

सूत्रों की माने तो दीपावली के अवसर पर जुआ खेलना एक पैसन बन गया है जो वर्षों से जारी है ! इस बार एक माह पूर्व से सट्टा और जुआ का खेल सुनियोजित रूप से हो रहा है ! सूत्र बतातें हा की कुछ सालों भर जुआ खेलते हा कुछ त्यौहार के मौक़े पर, इन दिनों कुछ पेशेवार लोगों द्वारा जुड़ियों कों बाहर से बुलाकर भी जुए की महफिल सजायी जा रही है ! सूत्रों के मुताबिक इसे आयोजित करने वालों कों सफ़ेद पोश लोगों का संरक्षण भी प्राप्त है ! बहरहाल बीते दो माह के अंदर जुए के खिलाफ हुईं पुलिस की कार्यवाई के बाद अब गुलाबबाग में जुए के खेल और खिलाड़ियों पर कार्यवाई भी संभव दिखने लगा है !

# किलकारी : डिजिटल डिटॉक्स महोत्सव 2025 में किलकारी पूर्णिया के बच्चों की शानदार प्रस्तुति

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

---




14 सितंबर 2025 को छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र में चेतना एंपावरमेंट फाउंडेशन एवं हेमा फाउंडेशन के संयुक्त आयोजन में डिजिटल डिटॉक्स महोत्सव 2025 का आयोजन हुआ। इस महोत्सव में भारत के विभिन्न राज्यों से बच्चों ने हिस्सा लिया, जिसमें किलकारी बिहार के तीन प्रमंडल बाल भवन – पटना, दरभंगा और पूर्णिया के बच्चों की भी सहभागिता रही।

**महोत्सव का मुख्य विषय**

1 **स्क्रीन टाइम ने छीना बचपन" एवं "डिजिटल दुनिया में रिश्ते"। किलकारी बिहार बाल भवन, पूर्णिया के बच्चों ने नाटक एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।**

---

2 **समूह वर्ग (कक्षा 07 से 10) में नाटक प्रस्तुति के लिए प्रथम एवं द्वितीय स्थान।**

---

3 **समूह वर्ग (कक्षा 03 से 06) में पोस्टर मेकिंग में सांत्वना पुरस्कार।**
**समूह वर्ग (कक्षा 07 से 10) में पोस्टर मेकिंग में सांत्वना पुरस्कार।**

4 **कक्षा 11 से स्नातक वर्ग में पोस्टर मेकिंग में तृतीय पुरस्कार।**

---

-विजेता बच्चों को मोमेंटो, सर्टिफिकेट और उपहार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने बच्चों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया। किलकारी के बच्चों की यह धमाकेदार प्रस्तुति महोत्सव का आकर्षक हिस्सा रही।

# मां दुर्गा के आगमन से पूर्णिया सजी श्रद्धा व उत्साह की लहरें उमड़ी शहर में















**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-----------------------------

शारदीय नवरात्र का पावन पर्व पूर्णिया नगर में अलौकिक भक्ति-भाव और सांस्कृतिक उमंग के साथ शुरू हो गया है। मंदिरों और पंडालों में पट खोलने की गरिमामयी विधि के बाद जगमगा उठा समुचा नगर, वही सप्तमी की पूजा के उपरांत पूजा पंडालों के पट खुलते हीं देवी दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ ने देवी के दरबार को और भी दिव्य बना दिया।

**मंदिरों व पंडालों में पट उद्घाटन की गरिमामय आरंभ**

सुबह के पहले पलों में ही पूर्णिया के प्रमुख पूजा पंडालों में पट खोले गए। पुजारियों ने मंत्रोच्चार एवं हवन-यज्ञ से वातावरण को पवित्र किया। श्रद्धालू उपासक और देवी के भक्तजन माता रानी के सामने नमन कर अपने परिवार की खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना में लगे रहे। संध्या के समय महा आरती, झांकियाँ, भजन-कीर्तन व आरती ने वातावरण में आत्मीयता घोल दी।

**भव्य सजावट और कलात्मक पंडाल**

शहर के गुलाबबाग स्टेशन रोड़ प्रभात पाठागार, पूर्णिया सिटी, कप्तान पाड़ा स्थित ग्रीन वैली परिसर, पूर्णिया के रजनी चौक, सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित पंडालों को आधुनिक लाइटिंग, रंग-बिरंगी पारंपरिक कलाकृतियों और थीम-आधारित सजावट से विशेष आकर्षण दिया गया है। कहीं देवी दशा परिधान में, कहीं बांग्ला कला कृतियों की अनोखी झांकी, कही महिषासुर वध की झांकी — हर पंडाल अपनी छाप छोड़ रहा है।

वहीं नगर के मंदिरों की प्रांगण में फूलमालाएं, कलश, दीपमालाएँ और पारंपरिक झंडे सुशोभित हैं,

## जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक नवरात्र की भव्य शुरुआत, भक्तिमय रंग बिखरे हर ओर

**खोंइछा और कन्या पूजन कल**

नवमी तिथि 01 अक्टूबर कों मनायी जायेगी इसी दिन खोंइछा पूजन की परंपरा निभाई जाएगी, जिसमें श्रद्धालु मिट्टी, कलश व वस्त्र आदि भगवान् को अर्पित करेंगे।

कन्या पूजन में दिव्य बालिकाओं को आमंत्रित कर उनकी पूजा की जाएगी — उन्हें भोजन, उपहार और आशीर्वाद दिया जाएगा।

जो भक्ति और सौंदर्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहें हैं।

**मंदिरों और पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धांलूओ की भीड़**

नवरात्र के सप्तमी के दिन भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ी। महिलाएं पारंपरिक \साड़ी,युतियां रंगीन परिधानों मे पूजा पंडालों में देवी दर्शन के उपरांत सेल्फी का आनंद और मेले का आनंद लिया, शाम कों देवी माँ के लोकगीतों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। मंदिरों और पूजा पंडालों में दीप प्रज्वाल्लित कर पूजा अर्चना की गयी ! बता दें की प्रत्येक मंदिर में प्रतिदिन की आरती, प्रसाद वितरण और माता दर्शन की व्यवस्था सुव्यवस्थित की गई है।

**सुरक्षा-व्यवस्था व सुविधाएं**

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ नगर निगम और पूजा कमेटीयों ने भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं, मंदिरों व पंडाल मार्गों पर पुलिस व सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, पार्किंग व्यवस्था व संक्रमण-नियंत्रण, आपातकालीन चिकित्सा केंद्र एवं एम्बुलेंस, साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था शुनिश्चित की गयी है !

नवरात्र पूर्णिया में सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, सामूहिक श्रद्धा और सांस्कृतिक संगम का प्रतीक बनकर उभरा है

## पूर्णिया एसपी ने दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, शांति व सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-----------------------------

दुर्गा पूजा के मद्देनजर सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोदया ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों और आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पूजा पंडालों में



सुरक्षा के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की गई है और क्विक रिस्पॉन्स टीम को हर समय अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आम जनता, पूजा पंडाल आयोजकों से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और तुरंत पुलिस को सूचित करें। साथ ही आमजन से भी सहयोग की अपेक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ इस महापर्व को हर्षोल्लासपूर्वक मनाएं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर सुरक्षा से जुड़े एडवाइजरी जारी की जा रही है, जिसका पालन करना आवश्यक है।





## पूर्णिया एसपी ने रावण दहन स्थलों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश





**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-------------------

दशहरा पर्व पर होने वाले रावण दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत ने सोमवार को कसबा एवं मरंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रावण दहन स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के प्रति सतर्क रहने का निर्देश दिया। एसपी ने मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने पर बल दिया। उन्होंने पुलिस बल को गश्त तेज करने और रावण दहन स्थल पर तैनाती को और सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया। दशहरा के त्यौहार पर एसपी की सक्रियता और सतर्कता से लोगों में सुरक्षा का विश्वास और उल्लास का माहौल दिखा। पूर्णिया एसपी ने आमजन से भी अपील की कि वे पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

---------------------

1 एसपी की सक्रियता और सतर्कता से लोगों में सुरक्षा का विश्वास और उल्लास का माहौल दिखा।

- - - - - - - - - - - - - - -

2 एसपी ने मेला क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने पर बल दिया

## दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले के सभी सभी थाना क्षेत्रों में निकला फ्लैग मार्च : सौहार्दपूर्ण माहौल में दशहरा मनाने की अपील

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

-------------------

नवरात्र और दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला पुलिस प्रशासन ने पूरे जिले में सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। सोमवार कों जहाँ पुलिस कप्तान स्वयं एक्टिव रही और विधि व्यवस्था का मुनेटरिंग किया वही उनके निर्देश पर पूर्णिया शहरी क्षेत्र और जिले के सभी थाना क्षेत्रों—सरसी, रौटा, मीरगंज, श्रीनगर, डगरूआ, बायसी, के.नगर, सहायक खजांची थाना और रूपेश्वरी ओ.पी.—में फ्लैग मार्च आयोजित किया गया।

फ्लैग मार्च का उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति बनाए रखना, असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना और नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना था। पुलिस बलों ने मुख्य बाजार, पूजा पंडाल और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से होकर अनुशासन के साथ मार्च किया। इस दौरान प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे उत्सव को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।





संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज़ स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# पूर्णिया जीएमसीएच में बवाल : अल्ट्रासाउंड विभाग में मारपीट, डेटा ऑपरेटर गंभीर; FIR दर्ज

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



पूर्णिया मेडिकल कॉलेज सह सदर अस्पताल (जीएमसीएच) सोमवार को उस समय रणक्षेत्र में बदल गया, जब अल्ट्रासाउंड विभाग में प्रवेश नियमों को लेकर हुई मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि मरीज के परिजनों ने आपराधिक प्रवृत्ति के दो दर्जन से अधिक लोगों को बुलाकर अस्पताल कर्मियों पर धावा बोल दिया। इस घटना में डेटा ऑपरेटर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मरीज का पति भी जख्मी हुआ। दोनों का इलाज फिलहाल जीएमसीएच में चल रहा है।

**प्रवेश नियम पर भड़का विवाद** : घटना की शुरुआत तब हुई, जब महिला मरीज निखार तिराणा अल्ट्रासाउंड विभाग में जांच कराने पहुंचीं। यहां पुरुषों का प्रवेश निषेध है, जिसके तहत गार्ड ने उनके पति मो. शाहबाज को अंदर जाने से रोक दिया। इस पर शाहबाज गुस्से में आ गए और गार्ड के साथ गाली-गलौज व धक्का-मुक्की शुरू कर दी। मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने स्थिति को संभालने की कोशिश की और परिजनों को समझाकर बाहर कर दिया।

### पुलिस पर निष्क्रियता के आरोप :

घायल डेटा ऑपरेटर कुमार कृष्णा ने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि पूरी वारदात फणीश्वर नाथ रेणु टीओपी पुलिस की मौजूदगी में हुई, लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। वहीं टीओपी प्रभारी राजनंदनी ने सफाई देते हुए कहा कि गश्ती के दौरान जैसे ही वे जीएमसीएच पहुंचे, भीड़ अस्पताल कर्मियों पर हमला कर रही थी। तत्काल वरीय अधिकारियों को सूचना दी गई और भारी पुलिस बल बुलाकर स्थिति को काबू किया गया।

### दोबारा पहुंचे हमलावर, डेटा ऑपरेटर पर हमला ;

मामला यहीं शांत नहीं हुआ। कुछ देर बाद शाहबाज बाहर से करीब दो दर्जन आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को लेकर लौटे और विभाग में जमकर बवाल किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आते ही भीड़ ने डेटा ऑपरेटर कुमार कृष्णा को निशाना बनाया और लात-घूंसे से पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान शाहबाज भी झड़प में जख्मी हो गए। कृष्णा ने आरोप लगाया कि हमले में महिला मरीज ने भी उकसाने और मारपीट में भूमिका निभाई।

**मरीज पक्ष का आरोप**

दूसरी ओर, महिला मरीज निखार तिराणा ने स्वास्थ्यकर्मियों पर पहले हाथ उठाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि अल्ट्रासाउंड की पर्ची खो जाने पर उन्होंने पति को अंदर बुलाना चाहा। इसी बीच एक महिला कर्मी ने उनके पति को डांट दिया और बाहर निकालने लगे। बाहर आने पर उन्होंने देखा कि उनके पति को स्वास्थ्यकर्मी कॉलर पकड़कर घुमा रहे थे। उनके अनुसार, बचाव में ही उनके पति ने हाथ उठाया और बाद में उन्होंने अपने भाई को फोन कर सहायता मांगी।

**FIR दर्ज, जांच जारी**

घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। देर शाम तक कई थानों की पुलिस जीएमसीएच में डटी रही। वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों को शांत कराया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों के बयान और दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की गहन जांच की जा रही है।

# धमदाहा में शराब माफियाओं का कहर : कार की टक्कर से दो छात्राओं की मौत, एक गंभीर

## सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन नाबालिग बने तेज रफ्तार कार के शिकार

**न्यूज़ स्केल धमदाहा**

**गुस्साए लोगों ने 4 घंटे जाम कर जताया विरोध, मंत्री लेशी सिंह ने परिजनों से की मुलाक़ात**

पूर्णिया जिले के धमदाहा में सोमवार की सुबह दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। शराब माफियाओं की तेज रफ्तार कार ने मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन नाबालिगों को बेरहमी से कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में दो छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा धमदाहा-भवानीपुर स्टेट हाइवे पर माधव नगर कॉलेज के पास हुआ। मृत छात्राओं की पहचान 19 वर्षीय राजनंदनी कुमारी, जो बीएचयू की छात्रा थीं, और 11 वर्षीय मोनिका कुमारी, जो नवोदय विद्यालय की छात्रा थीं, के रूप में की गई है। वहीं, घायल छात्र का नाम रूपक हेंब्रम बताया गया है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### 4 घंटे जाम, ग्रामीणों का गुस्सा फूटा :

इस घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। करीब चार घंटे तक चले इस विरोध में लोगों ने शराब माफियाओं की गिरफ्तारी और पुलिस की कथित लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे एसडीओ, डीएसपी और थाना प्रभारी ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया।

**मंत्री लेशी सिंह पहुंचीं अस्पताल** : हादसे की जानकारी मिलने पर बिहार सरकार की मंत्री लेशी सिंह पूर्णिया जीएमसीएच पहुंचीं। उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। मंत्री ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार परिजनों के साथ है और हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

**शराब से लदी कार छोड़कर फरार हुए तस्कर** : घटना के बाद शराब माफिया अपनी कार मौके पर छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि कार अवैध शराब से लदी थी और तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ।

**पुलिस का आश्वासन, जांच तेज** : धमदाहा एसडीपीओ संदीप गोल्डी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कार जब्त कर ली गई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**ग्रामीणों का आरोप : शराबबंदी के बावजूद धंधा जारी** : ग्रामीणों का कहना है कि शराबबंदी कानून के बावजूद धमदाहा और आसपास के इलाकों में शराब माफियाओं का धंधा खुलेआम चल रहा है। लोगों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण ही मासूमों की जान गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।






## केनगर में दुर्गापूजा को लेकर पुलिस अलर्ट

### फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का संदेश लोगों से शांति, सौहार्द और अफवाह से बचने की अपील



**न्यूज़ स्केल केनगर**

केनगर कृत्यानंद नगर थाना और चम्पानगर थाना क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण और हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में आयोजित कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सोमवार की संध्या केनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार और अंचलाधिकारी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में केनगर थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

इस दौरान केनगर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल सहित पुलिस दल-बल के जवान केनगर चौक, काझा, आदमपुर, सबूतर होते हुए गोकुलपुर चौक स्थित दुर्गा पूजा प्रतिमा पंडाल तक पहुंचे। पूरे रास्ते पुलिस ने स्थानीय लोगों को सुरक्षा और शांति बनाए रखने का संदेश दिया।

प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह बीडीओ एवं सीओ ने बताया कि दुर्गापूजा हर्षित वातावरण में मनाने के लिए प्रशासन ने सख्त सुरक्षा इंतजाम किए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पूजा स्थलों, मेला परिसरों और आसपास के चिन्हित स्थानों पर गश्त बढ़ा दी गई है।

दंडाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे का माहौल बनाए रखने के लिए हर जरूरी पहलू पर कड़ी नजर रखी जा रही है। केनगर थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी तरह की अफवाहों से बचने की अपील की।

# गुलाबबाग के शास्त्रीनगर में जलजमाव की समस्या का जल्द होगा समाधान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

**कांग्रेस नेता सह महापौर प्रतिनिधि ने सुनी समस्या, महापौर विभा कुमारी के निर्देश पर नाला निर्माण का टेंडर प्रक्रिया जल्द होगी शुरू**



पूर्णिया नगर निगम के वार्ड नंबर 36, शास्त्रीनगर में सोमवार को कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव वार्डवासियों से मिले, इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनके सामने जलजमाव की समस्या रखी । स्थानीय लोगों ने श्री यादव कों हाल ए समस्या सुनाते हुए बताया कि बारिश के दौरान क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे जनजीवन प्रभावित होता है।

**महापौर ने नाले के निर्माण का भरोसा दिया** : जनता की समस्या से श्री यादव द्वारा महापौर कों अवगत कराये जाने के उपरांत महापौर ने समस्या के निदान कों लेकर त्वरित पहल करते हुए यह आश्वासन दिया कि नाले के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी और जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

**विकास कार्यों पर चर्चा, वार्डवासियों से सुझाव लिए**

इस दौरान जितेंद्र यादव ने वार्डवासियों के साथ शहर के अन्य विकास मुद्दों पर भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि महापौर विभा कुमारी के नेतृत्व में सभी वार्डों में सड़कों और नालों का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। साथ ही, विभिन्न चौक-चौराहों पर हाईमास्ट लाइटें लगाई जा चुकी हैं और आवश्यकता वाले स्थानों पर लाइट लगाने का कार्य जारी है।मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज साह, नीतू दा, दिलीप चौधरी, मुकेश राय सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मुख्य हाइलाइट्स

- » शास्त्रीनगर वार्ड में बारिश के दौरान जलजमाव की समस्या गंभीर।
- » महापौर विभा कुमारी के निर्देश पर कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने वार्डवासियों से संवाद किया।
- » नाला निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।
- » वार्ड में सड़कों और नालों का निर्माण कार्य लगातार जारी।
- » हाईमास्ट लाइटें विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित।

# पूर्णिया में आज का मौसम : धूप-गर्मी के साथ दोपहर बाद बारिश की संभावना

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



पूर्णिया में आज सुबह का मौसम साफ और सुहावना रहा। सुबह तापमान करीब 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और हल्की धूप खिली रही। दिन चढ़ने के साथ ही गर्मी का असर बढ़ा और दोपहर तक तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने का अनुमान है। तेज धूप और उमस के कारण लोगों को पसीने व चिपचिपाहट की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार दोपहर बाद आसमान में बादल घिरने लगेंगे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। बारिश के साथ कहीं-कहीं तेज हवाएं भी चल सकती हैं, जिससे उमस से थोड़ी राहत मिलेगी। शाम होते-होते मौसम खुशनुमा बने रहने की उम्मीद है, हालांकि बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। रात का तापमान गिरकर करीब 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच सकता है। कुल मिलाकर आज का दिन पूर्णिया के लोगों के लिए गर्मी और उमस भरा रहेगा, लेकिन दोपहर बाद बारिश राहत भी दिला सकती है।

# रंगे हाथ पकड़ा गया गैस सिलेंडर चोर, बनभाग पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**न्यूज़ स्केल केनगर**



रविवार की रात करीब 10 बजे केनगर थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान ग्रामीणों की मदद से एक गैस सिलेंडर चोर को गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बनभाग चुनापुर पंचायत के वार्ड संख्या-6 स्थित बनभाग गाँव का निवासी, स्व. उर्फान का पुत्र मो. फैयाज़ है। आरोपी ने पड़ोस के ही मो. मुन्तज़िर के घर से गैस सिलेंडर चोरी किया था।

चोरी की जानकारी मिलने पर पीड़ित गृहस्वामी ने ग्रामीणों की मदद से चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया और तत्काल पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित गृहस्वामी की लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई और सोमवार को गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# दुर्गा पूजा के मद्देनजर बनमनखी प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**





बनमनखी में दुर्गा पूजा के मद्देनजर देर शाम पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस है.खासकर संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है. दुर्गा पूजा को लेकर थानाध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में बनमनखी थाना इलाके में फ्लैग मार्च निकाला. इस दौरान थानाध्यक्ष संजय कुमार ने दुर्गा पूजा में शांतिपूर्ण माहौल बनाए की अपील की. वहीं अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश प्रीतम के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों के साथ जानकीनगर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर पूजा पंडालों का निरीक्षण किया . जहां पूजा समितियों को पूजा पंडाल को सीसीटीवी से लैस करने की सलाह दी गई. कई पूजा पंडाल में पहले से सीसीटीवी लगाए मिले. फ्लैग मार्च थाना से लेकर चिनिमिल रोड, राजहाट, रेलवे परिसर,नेहरू चौक ,बस स्टैंड,अंबेडकर चौक, हृदेश्वरी दुर्गा मंदिर रोड होते हुए थाना पहुंचकर समाप्त हुई.

**अलर्ट मोड पर पुलिस प्रशासन**

दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है. इसके लिए भारी संख्या में पुलिस बलों की ड्यूटी लगाई गई है. इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है.संवेदनशील स्थल वाले पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाए गए हैं. पूजा स्थलों के आसपास वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई है. लोगों को सुरक्षित पूजा पंडाल घूमने के साथ असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों को सबक सिखाने की नीयत से निकाले गए फ्लैग मार्च में सशस्त्र जवान सड़क पर कतार बद्ध होकर चल रहे थे.इस संबंध में डीएसपी शैलेश प्रीतम ने कहा कि डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगी. जो नियम का उल्लंघन करेंगे उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी. लोगों से अपील की जा रही है कि वह शांति सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मनाएं.

# कटिहार में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में एनबीएफसी प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक

**न्यूज़ स्केल कटिहार**




जिला पदाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कटिहार जिले में एनबीएफसी (गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी) फाइनेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में वित्तीय लेनदेन, ऋण वितरण और वित्तीय समावेशन की प्रगति का आकलन करना और संबंधित कंपनियों के कामकाज में सुधार के उपायों पर चर्चा करना था। बैठक में जिले के प्रमुख एनबीएफसी कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों से जिले में वित्तीय सेवाओं की पहुँच बढ़ाने और ग्राहकों को समय पर ऋण एवं अन्य वित्तीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर जोर देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय समावेशन ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में ऋण वितरण की गति, लोन रिकवरी प्रक्रिया, ग्राहकों की शिकायत निवारण प्रणाली और डिजिटल लेनदेन के विस्तार पर विशेष चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी आम जनता तक सरल और स्पष्ट तरीके से पहुँचाई जाए, ताकि किसी प्रकार की भ्रम स्थिति न बने। एनबीएफसी प्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपनी चुनौतियों और अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को वित्तीय उत्पादों के प्रति जागरूक करना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। जिला पदाधिकारी ने इसके लिए जागरूकता अभियान, डिजिटल शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को तेज करने का सुझाव दिया। बैठक के अंत में सभी प्रतिनिधियों ने जिले में वित्तीय सेवाओं के विकास और ग्राहकों के लिए सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिला पदाधिकारी ने बैठक को सार्थक बताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और कहा कि भविष्य में भी इस तरह की समीक्षा बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएँगी ताकि जिले में वित्तीय समावेशन को और मजबूती मिल सके।

## दशहरा पर्व पर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का लिया संकल्प

**न्यूज़ स्केल कटिहार**



जिले में दशहरा पर्व (दुर्गा पूजा) को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए स्थानीय पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई। आज कचना, रोशना, कदवा, अमदाबाद, मनिहारी, प्राणपुर और कुर्सेला थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च आयोजित किया गया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों ने प्रमुख मार्गों, बाजारों और पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और लोगों को सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष भी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। सभी थानों में क्विक रिस्पॉन्स टीम को अलर्ट मोड में रखा गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को तुरंत रोका जा सके।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता और सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है और कहा कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत संबंधित थाना या कंट्रोल रूम को सूचित करें। इस प्रकार कटिहार में दशहरा पर्व का उत्सव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिससे जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति सुरक्षित बनी रही।

## अररिया को मुख्यमंत्री ने दी 560 शैय्या वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय की सौगात,पटना से किया शिलान्यास



**अररिया** (हि.स.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अररिया को 560 शैय्या वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय की सौगात दी।अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के नियंत्रण वाले अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना में आयोजित कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से इसकी आधारशिला रखी।। इस निर्माण योजना पर कुल लागत 56 करोड़ 97 लाख रूपये की है।निर्माण के पश्चात वर्ग नौ से 12 तक के बच्चे इस विद्यालय में आवासित होकर अध्ययन करेंगे।नामांकन प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर होगा।

अररिया में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम के कनीय अभियंता पंकज कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक निदेशक, पूर्व नगर पार्षद सह जिला औकाफ कमिटी के जिलाध्यक्ष जनाब कशफूद दूजा, अल शम्स अकादमी के सदस्य सरवर नदवी, दिलशाद फैजी, मो.सद्दाम, मो. सूफियान, पूर्व मुखिया बेलवा गुफरान आलम, रास्ता के लिए जमीन दान देने वाले मो.मुस्लिम समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर के थीम पर बना पंडाल, लोगों को कर रहा अपनी और आकर्षित



**भागलपुर,** (हि.स.)। दुर्गा पूजा इस वर्ष भागलपुर में बेहद खास नजर आ रहा है। हर पूजा समिति एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल और सजावट के माध्यम से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं। शहर की गलियों और चौक-चौराहों से लेकर बड़े-बड़े मैदानों तक भक्तिभाव और रौनक का माहौल देखने को मिल रहा है। इस बार पूजा समितियों ने केवल भक्ति और सौंदर्य का ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, इतिहास और धरोहरों को भी प्रमुखता दी है। कई पंडालों को भारतवर्ष के ऐतिहासिक मंदिरों और स्थलों की झलकियों पर आधारित बनाया गया है।

कहीं पर दक्षिण भारत के प्रसिद्ध मंदिर की प्रतिकृति दिखाई दे रही है, तो कहीं पर राजस्थान और ओडिशा की स्थापत्य कला के दर्शन कराए जा रहे हैं। नाथनगर स्थित मनोकामना नाथ मंदिर परिसर की सजावट इस बार विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। यहाँ ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर माँ दुर्गा की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाया गया है। भव्य मंच, रोशनी और पारंपरिक रंगों का मेल श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। प्रतिमा के श्रृंगार और अलंकरण में भी नवीनता दिखाई दे रही है। जिससे भक्तगण माँ के स्वरूप को निहारते ही श्रद्धा से नतमस्तक हो जाते हैं पूजा समितियों ने इस बार सामाजिक संदेश देने का भी प्रयास किया है कहीं पर स्वच्छता अभियान को थीम बनाया गया है, तो कहीं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को पंडाल सज्जा में स्थान दिया गया है। कई पंडालों में पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखकर केवल बांस, कपड़े और अन्य प्राकृतिक सामग्रियों से सजावट की गई है। भागलपुर की दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सांस्कृतिक उत्सव और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक बन चुकी है। अलग-अलग वर्ग और समाज के लोग मिलकर उत्सव को सफल बनाते हैं। यही कारण है कि यहाँ की दुर्गा पूजा का आकर्षण पूरे प्रदेश में अनोखा माना जाता है। भक्तों के चेहरे पर उमंग, सड़कों पर रौनक और मंदिरों और पंडालों में गूंजते देवी के जयकारे इस बात का प्रमाण हैं कि भागलपुर इस बार भक्ति और सांस्कृतिक आभा से पूरी तरह सराबोर है। आने वाले दिनों में भी भीड़ और उत्साह बढ़ने की संभावना है।

## पूजा पंडालों के पट खुले,पंडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





**अररिया** (हि.स.)। जिले में विभिन्न पूजा समितियों की ओर से आयोजित दुर्गा पूजा पंडालों का पट सोमवार को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए हैं। पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है और सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता रानी के दर्शन के लिए उमड़ रही है।

दूसरी ओर, मुख्य पार्षद विजय मिश्रा,उप मुख्य पार्षद गौतम साह के निर्देश पर अररिया नगर परिषद ने इस अवसर पर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी स्वयं विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर हालात का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि सभी पंडालों और पूरे शहर में स्वच्छता बनाए रखी जाए।

फारबिसगंज के शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी पूजा समितियों के द्वारा पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।श्रद्धालु मां भगवती के दर्शन और पूजा पाठ के लिए पंडालों में पहुंचने लगे हैं।फारबिसगंज नगर परिषद की मुख्य पार्षद वीणा देवी नगर में विशेष साफ सफाई की खुद से मॉनिटरिंग कर रही है।पूजा पंडालों के साथ शहर के गली मोहल्लों में फैले कूड़े कचरों को उठाव करने के साथ ही चूना और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नगर परिषद के द्वारा कराया जा रहा है।

## पोठिया पुलिस ने 700 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार



**कटिहार,** (हि.स.) कटिहार जिला के पोठिया थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक स्कॉर्पियो के साथ कुल 700 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों का नाम राज तिलक उम्र 25 वर्ष पिता स्व. उमर पासवान और नवीन कुमार उम्र 30 वर्ष पिता श्रवण सिंह है, जो खगड़िया जिले के रहने वाले हैं। पोठिया थानाध्यक्ष ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया है और उनके पास से 700 ग्राम स्मैक बरामद किया है। पुलिस ने कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और इन तस्करों के नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों की जांच कर रही है।

## भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक आयोजित



**कटिहार,** (हि.स.)भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आगामी कार्यक्रम को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने की। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम के साथ किया गया।

बैठक में क्षेत्रीय सह प्रभारी नरेश शाह, भाजपा जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, तपन अधिकारी, सौरभ कुमार मालाकार, अशोक गुप्ता मुख्य रूप से शामिल हुए।

जिला अध्यक्ष मनोज राय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर कार्य करना होगा। उन्होंने लाभार्थी अभियान की टोली बनाने, बूथ स्तर पर सम्मेलन करने, मंदिर मठ एवं पूजा पंडाल में साधु, पंडित, एवं पुजारी का स्वागत करने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

बैठक में कार्यकर्ताओं ने 2025 में कटिहार जिला के सभी विधानसभा में ऐतिहासिक जीत के लिए संकल्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की अपील की कि वे घर-घर संपर्क अभियान के साथ हर बूथ पर 10-10 कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी, रवि शाह, राघवेंद्र सिंह, जिला मंत्री धर्मनाथ तिवारी, आलोक मंडल, संजय मंडल, मंजू चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष विनीता वाधवानी, अजय दास, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक और सभी 34 मंडल के मंडल अध्यक्ष और मंडल महामंत्री शामिल हुए।

## कटिहार में भीषण सड़क हादसा, दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में चालक घायल




**कटिहार,** (हि.स.)।बिहार में कटिहार जिले के कुरसेला थानाक्षेत्र अन्तर्गत सिमर गाछ कटरिया चौक के समीप एनएच-31 सड़क पर अहले सुबह करीब 2 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।

टक्कर के कारण एक ट्रक के केबिन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी, लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों की तत्परता और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई।

इस दुर्घटना में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे कुरसेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल को पूर्णिया के प्राइवेट मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति फिलहाल नाजुक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही कुरसेला थाना अध्यक्ष राकेश कुमार अपने पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और भीषण हादसे के चलते एनएच-31 पर लंबा जाम लग गया था, जिसे किरान की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कटरिया मोड़ पर पहले भी कई सड़क हादसे हो चुके हैं और आए दिन सड़क दुर्घटना होना आम बात हो गई है। तेज रफ्तार का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है, जिसके कारण आए दिन लोग मौत के गाल में समा रहे हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

# तीनटोलिया बड़ी दुर्गा मंदिर में डेढ़ सौ वर्षों से होती आ रही पूजा-अर्चना

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

चिलौनीउतर पंचायत के तीनटोलिया गांव में स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर श्रद्धालुओं का आस्था केंद्र है। पिछले डेढ़ सौ सालों से यहां काली और दुर्गा मां की पूजा और बलि प्रथा चली आ रही है। किंवदंतियों के अनुसार, वर्तमान मंदिर के पीछे स्थित कदम का पेड़ वही स्थान है, जहां पहले एक झोपड़ीनुमा मंदिर में बूढ़ी माता मां दुर्गा और काली मां की पूजा किया करती थीं। 19वीं सदी में कोशी की विनाशकारी बाढ़ में मंदिर बिखर गया और बूढ़ी माता स्वर्ग सिधार गई, लेकिन कदम का पेड़ जस का तस बचा रहा। पेड़ अब भी नवनिर्माणाधीन मंदिर के पश्चिमी-उत्तरी कोने में देवी शक्ति की याद दिलाता है। मंदिर निर्माण के दौरान कई बार पेड़ को काटने का प्रयास हुआ, लेकिन हर बार अनहोनी घटित हुई। इस पेड़ और मंदिर स्थल को गांव वालों ने मां का रूप मानते हुए टीन के घर में पूजा अर्चना शुरू कर दी।



### एक हीं वंशज के पूजारी आचार्य कराते आ रहे हैं पूजाअर्चना

गांव के 70 वर्षीय बूजुर्ग राजेन्द्र प्रसाद यादव और मंदिर कमेटी के सचिव राधे यादव बताते हैं कि दो दशको से मंदिर में पूजा का कार्य स्व. हुलाय झा और उनके वंशज के लोग कराते आ रहे है। उनके परिवार के वेदानन्द झा फिर श्याम झा और अब उनके पुत्र रोहित आचार्य सालों भर मंदिर में पूजा अर्चना का दायित्व निभा रहे हैं।



### मेला कमेटी की ओर से पुराने मंदिर के स्थान पर भव्य मंदिर बनवाया जा रहा है

करोडों की लागत से पुराने मंदिर स्थान पर मंदिर कमेटी के सौजन्य से सार्वजनिक आर्थिक सहयोग से भव्य और खुबसूरत मंदिर का निर्माण करवाया जा रहा है। जो न सिर्फ भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना है बल्कि भव्य मंदिर मां के आस्था को भी प्रदर्शित कर रहा है। भव्य मंदिर निर्माण का 75 प्रतिशत कार्य पूरा होने को है। इसको लेकर कमेटी के सदस्यों सहित युवाओं में जोश और जुनून देखा जा रहा है। नवरात्रा की तैयारियों को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

### मां से मन्नत मांगने पर मुरादें होती है पूरी

सचिव राधे यादव बताते हैं कि मां का दरबार शक्ति का प्रतिक है। जो भी शुद्ध मन से मां के दरबार में आकर मन्नतें मांगते हैं तो मां उनकी मुराद निश्चित रूप से पूरा करती हैं। उदाहरण स्वरूप बताया कि इस वर्ष मूर्तिदाता बलूआ थाना क्षेत्र के सुरेन्द्र प्रसाद यादव की मन्नत पूरी होने पर मूर्ति सहित पूजा कराने का संकल्प पूरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2021 में मां से बेटे को नौकरी होने की मन्नत मांगी थी। मां ने उनकी मुराद 2022 में पूरी की। बेटे को रेल ड्राइवर के रुप में लग गई नौकरी। इस वर्ष उनको मूर्ति बनाने का अवसर मिला तो वे बेहद प्रसन्न हैं। ऐसी कई चत्कारी घटना मां के असीम आशीर्वाद से हुई है।



### नवमी को बलि प्रदान देखने उमड़ती है भक्तों की भीड़

नवमी को लोगों की मन्नतें पूरी होने पर हजारों की संख्या में छाग सहित भैंसों की होती है बलि। जिसे देखने उमडती है श्रद्धालुओं की भारी भीड़।

**गत वर्ष की भांति हीं हो रही है भव्य सजावट :** सचिव बताते हैं कि गत वर्ष की भांति हीं इस वर्ष भी भव्य सजावट, भक्तजनो के लिए पंडाल, बिजली की सजावट आदि का कार्य करवाया जा रहा है। पिछले तीन वर्षो से प्रतापगंज के बंधू टेंट सजावट आदि का कार्य करते आ रहे हैं।

## दुर्गा पूजा को लेकर बेलही पंचायत के दुर्गा मंदिर परिसर में भव्य लंगर का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**न्यूज़ स्केल मरौना**

मरौना प्रखंड स्थित बेलही पंचायत के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे शारदीय नवरात्रा के अवसर पर सोमवार को भव्य लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और माता रानी से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।



लंगर कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे परिसर का वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि हर वर्ष नवरात्रा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन किया जाता है, ताकि सभी भक्त एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण कर सकें और सामाजिक एकता एवं सौहार्द का संदेश दिया जा सके।

इस अवसर पर डॉ. विष्णु देव शर्मा, डॉ. अजित कुमार, महेश प्रसाद साह, भूपेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। लंगर में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।जहाँ श्रदालूओ ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल करते हैं, बल्कि समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता की भावना को भी मजबूत करते हैं। दुर्गा पूजा के दौरान मंदिर परिसर में लगातार पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है

## महाष्टमी आज : 'श्रद्धा का सागर उमड़ेगा, मां के खोईछा में सजेगी मंगलकामना, कन्या पूजन से बरसेगा आशीर्वाद'

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

शारदीय नवरात्र का महत्त्वपूर्ण दिन महाष्टमी मंगलवार को पूरे जिले में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा।इस अवसर पर भक्त उपवास रखकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करेंगे। परंपरा के अनुसार, अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए श्रद्धालु मां दुर्गा का खोईछा भरेंगे। साथ ही कन्या पूजन कर माता के आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करेंगे।





जिले के प्रमुख पूजा पंडालों में आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमाएं भव्य स्वरूप में विराजमान की गई हैं। कहीं प्राकृतिक तो कहीं आध्यात्मिक थीम पर सजाए गए ये पंडाल भक्तों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्रकाश व्यवस्था, सजावट और झांकियों से सजे ये पंडाल न सिर्फ धार्मिक महत्व दर्शा रहे हैं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश भी दे रहे हैं।

महाष्टमी को लेकर जिला प्रशासन ने भी विशेष तैयारी की है। श्रद्धालुओं की भीड़ और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर का रूट मैप तैयार किया गया है। प्रमुख मार्गों पर दंडाधिकारी और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। जगह-जगह पुलिस बल सक्रिय रहेगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। वहीं, यातायात व्यवस्था को भी नियंत्रित करने के लिए अलग-अलग मार्गों का निर्धारण किया गया है।

पंडालों में भीड़ प्रबंधन के लिए स्वयंसेवक और पूजा समिति के सदस्य लगातार सक्रिय रहेंगे। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्ग का पालन करें और किसी भी तरह की अफवाह या भीड़भाड़ से बचें। सुरक्षा के मद्देनज़र सीसीटीवी कैमरों की भी व्यवस्था की गई है।

महाष्टमी का उपवास नवरात्रि का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु मां दुर्गा की असीम शक्ति की आराधना करते हैं। कन्या पूजन के दौरान कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उन्हें भोजन और उपहार दिए जाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि कन्या पूजन से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और घर-परिवार पर अपनी कृपा बरसाती हैं।

जिले भर में वातावरण मंगलवार को पूरी तरह भक्तिमय रहेगा। पंडालों में गूंजते मंत्रोच्चार, ढोल-नगाड़ों की थाप और सामूहिक आरती जिलेवासियों को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेंगे। महाष्टमी का यह पर्व आस्था, भक्ति और सामूहिकता का संगम बनकर लोगों के जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करेगा।




## सिमराही वाली मैया की महिमा है अपरंपार

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**

प्रखंड क्षेत्र के सिमराही बाजार में स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, प्राचीनतम धार्मिक स्थलों में से एक है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं और कोई भी भक्त मां के दरबार से खाली हाथ नहीं लौटता है। इस मंदिर की प्रसिद्धि पूरे क्षेत्र में फैली हुई है, और दूर-दूर से भक्त यहां अपनी मन्नतें पूरी करने आते हैं। यह मंदिर विशेष रूप से अपने चमत्कारी अनुभवों के लिए जाना जाता है। लोगो का कहना हैं कि सिमराही वाली मैया सैकड़ों वर्षो से यहां विराजमान है और यहां आने वाले श्रद्धालु की सभी मुरादे पूर्ण होती है। यहां की पंडाल की सजावट देखने लोग दूर दूर से आते है। यहां मूर्ति का निर्माण बंगाल के मूर्तिकारों द्वारा होती है।



**रविवार को बेल निमंत्रण**

रविवार को सिमराही बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से संध्या 7 बजे मैं बेल निमंत्रण के लिए जजमान के साथ सैकड़ों श्रद्धालु की भीड़ गाजे बाजे के साथ सिमराही अस्पताल पहुंच परिसर में अवस्थित बेल के पेड़ की पूजा कर मां भगवती को आह्वान किया बेल पेड़ पर लगे फल पर लाल कपड़ा से बांध कर उन्हें आमंत्रित किया गया। आज पुनः सोमवार को जजमान सहित सैकड़ों की संख्या श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ वहां पहुंच पूजा अर्चना कर आमंत्रित बेल को तोड़ मंदिर पहुंचे। इस दौरान पुलिस प्रशासन बेल आमंत्रित करने से लेकर बेल तोड़ कर मंदिर पहुंचने तक सभी मार्गो को खाली कराने मै मुस्तैद दिखे **आज होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम** : आज माता के मंदिर परिसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मेला कमिटी के द्वारा रखी गई है। जिसमें स्कूली बच्चे भाग लेंगे।

## सुपौल में मां कालरात्रि के दर्शन को उमड़ा आस्था का महासागर

### पट खुलते ही दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

शारदीय नवरात्रि का आठवां दिन सुपौल जिले में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम लेकर आया। सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही मां का पट खोला गया, श्रद्धालुओं के चेहरों पर अपार उत्साह और आंखों में आस्था की चमक साफ झलकने लगी। जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंडों और गांवों तक शक्ति मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।



ढोलक और मजीरे की थाप पर थिरकते श्रद्धालु मां के भजनों में खो गए। मंदिर प्रांगण "जय माता दी" के गगनभेदी नारों से गूंज उठे। जगह-जगह दुर्गा सप्तशती का पाठ और भजन-कीर्तन आयोजित हुए। फूलों की खुशबू, दीपों की लौ और मंत्रोच्चार की ध्वनि ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। शाम होते-होते मंदिरों में महा आरती का आयोजन हुआ। हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु दीपक जलाकर आरती में शामिल हुए। घड़ियाल और घंटियों की गूंज, साथ ही सामूहिक आरती गायन ने हर किसी को भावविभोर कर दिया। कई श्रद्धालु तो मां के चरणों में बैठकर आंसुओं के साथ अपनी भक्ति अर्पित कर रहे थे। भीड़ अधिक होने पर भी व्यवस्था संभालने के लिए स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवक सक्रिय रहे। हर आयु वर्ग के लोग—बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग—मां कालरात्रि के दर्शन के लिए बेताब नजर आए। भक्तों ने देवी मां से जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और संकट निवारण की प्रार्थना की।

सुपौल का हर कोना सोमवार को देवी भक्ति से सराबोर दिखा। मंदिरों में गूंजते भजन, सजीव झांकियां, ढोल-नगाड़ों की धुन और सामूहिक महा आरती ने नवरात्रि को भक्ति और संस्कृति का अनूठा पर्व बना दिया। आठवें दिन की यह आस्था का महासंगम सुपौल की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत प्रतीक साबित हुआ। विधि व्यवस्था को लेकर एसडीएम इंद्रवीर कुमार और एसडीपीओ और थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार ने बाजार में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया।

## सुपौल में दुर्गा पूजा पंडालों के पट खुले, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, स्वच्छता को लेकर नगर परिषद सक्रिय

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

जिले में विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए हैं। खासकर शहर का प्रसिद्ध बड़ी दुर्गा मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है, जहां सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता रानी के दर्शन के लिए उमड़ रही है। दूसरी ओर, मुख्य पार्षद राघवेंद्र झा के निर्देश पर नगर परिषद सुपौल ने इस अवसर पर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद सिंह स्वयं विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर हालात का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि सभी पंडालों और पूरे शहर में स्वच्छता बनाए रखी जाए। कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने श्रद्धालुओं और आमजनों से अपील की कि पूजा सामग्री को नदी- में न फेंके। इसके लिए नगर परिषद की ओर से पिछले साल की तरह इस बार भी विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई है, जिसमें पूजा सामग्री एकत्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी की सहभागिता से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखा जा सकता है।



# कल्याणपुर में नारायणपुर पुलिस ओपी का विधिवत उद्घाटन, जनता को मिलेगी तेज़ और आसान सेवा

## स्थानीय लोगों के लिए सुविधाः अब शिकायतें दर्ज कराने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं

**न्यूज स्केल मोतीहारी**

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारायणपुर पुलिस आउटपोस्ट (ओपी) का बुधवार, 29 सितंबर 2025 को विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर माननीय विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा, जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नए पुलिस भवन का उद्घाटन किया।

**उपस्थित अधिकारी और संदेश** : इस अवसर पर एसडीपीओ चकिया श्री संतोष कुमार, थाना अध्यक्ष कल्याणपुर, सर्किल इंस्पेक्टर तथा नवनिर्मित नारायणपुर ओपी के थानाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। सभी अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस ओपी का अधिक से अधिक उपयोग करें। उद्घाटन के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। नारायणपुर पुलिस ओपी के कार्यरत होने से न केवल पुलिसिंग में सहूलियत होगी, बल्कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा एवं शिकायतों के त्वरित निवारण में भी मदद मिलेगी। यह पहल क्षेत्र में सुरक्षा और प्रशासनिक सुगमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।





**जीर्णोद्धार के बाद नया स्वरूप** : नए नारायणपुर पुलिस भवन का जीर्णोद्धार मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत कल्याणपुर प्रखंड के पिपरा खेम पंचायत के वार्ड संख्या 6 में संपन्न हुआ। इस परियोजना के तहत भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया, जिससे पुलिस कर्मियों के कार्य संचालन में सहजता आएगी। नवनिर्मित भवन में सभी आवश्यक पुलिसिंग सुविधाओं का समावेश किया गया है, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था मजबूत होगी।

**क्षेत्रवासियों के लिए सुविधा** : ओपी के संचालन में आने के बाद स्थानीय लोगों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह में विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा ने कहा कि इस ओपी से जनता को राहत मिलेगी और उनके मुद्दों का त्वरित समाधान संभव होगा। जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण प्रभात ने भी उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस-जनता संवाद और सुरक्षा व्यवस्था में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा।

## अरेराज अनुमंडल प्रशासन ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, सुरक्षा मानकों पर दिए निर्देश

**अरेराज।** शारदीय नवरात्र और छठ पूजा को दृष्टिगत रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज के नेतृत्व में अनुमंडल प्रशासन ने शहर के प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान पूजा समितियों द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया गया और सुरक्षा मानकों की दृष्टि से सभी जरूरी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पंडालों में सुरक्षा, अग्निशमन, बिजली, विद्युत उपकरणों की सही स्थिति और भीड़ नियंत्रण की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयोजकों को निर्देश दिए कि आपातकालीन स्थिति के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अग्निशमन यंत्र कार्यशील हों और सुरक्षा के सभी मानक पूर्ण रूप से लागू हों। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के निरीक्षण से न केवल पूजा समारोह सुचारू रूप से आयोजित होंगे, बल्कि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने आयोजकों से सुरक्षा के अलावा स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण के नियमों का पालन करने को भी कहा। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने विशेष तौर पर पंडालों में तैनात सुरक्षा गार्डों और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि वे भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन निकास मार्गों पर विशेष ध्यान दें।



# नेपाल के वीरगंज में परंपरागत आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया फूलपाती पर्व

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। नेपाल के महत्वपूर्ण पर्व दशहरा के सातवें दिन यानी फूलपाती उत्सव का आयोजन सोमवार को बीरगंज स्थित ऐतिहासिक गहवा माई मंदिर परिसर में श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को घटस्थापना कर दुर्गा भवानी की आराधना शुरू होती है और सप्तमी के दिन घर–घर व मंदिरों में फूलपाती लाने की परंपरा निभाई जाती है। वैदिक रीति में फूलपाती शुभता और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। पूजा कक्ष या दशहरा घर में कलश और जमारा के पास गन्ना, हल्दी, केले का पौधा, चावल की बालियां, बेलपत्र, अनार, जयंती, अशोक पुष्प और अन्य पत्तों से शक्ति स्वरूप नौ देवियों की पूजा होती है।

**इतिहास और परंपरा** : ज्योतिषाचार्य डॉ. पुरुषोत्तम दुबे के अनुसार फूलपाती लाने के लिए किसी विशेष स्थान पर जाना आवश्यक नहीं है, इसका मुख्य उद्देश्य नौ देवियों के प्रतीक स्वरूप शक्ति की आराधना करना है। बीरगंज में यह परंपरा छपकैया स्थित भू-राजस्व कार्यालय के दशईंघर से जुड़ी है। यहां से नेपाली सेना विशेष सम्मान के साथ फूलपाती गहवा माई मंदिर तक ले जाती है। यह यात्रा सदियों से उसी भक्ति और गरिमा के साथ जारी है।



**सांस्कृतिक उत्साह और श्रद्धालु भागीदारी** : फूलपाती यात्रा में बीरगंज महानगरपालिका के मेयर, परसा के मुख्य जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत स्थानीय प्रशासन और सुरक्षाबल के अधिकारी शामिल रहे। भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और मंदिर परिसर में माता दुर्गा की आराधना में लीन रहे। नेपाल भर के सरकारी कार्यालयों में छुट्टियां शुरू हो गई हैं और लोग अपने पैतृक गांवों की ओर लौट रहे हैं। पारंपरिक झूले, लिंगे पिंग और रोटे पिंग से पर्व की रौनक बढ़ गई है। फूलपाती उत्सव ने दशहरा को धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के संगम के साथ और जीवंत बना दिया।

## नदी में डूबने से सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत



**नालंदा, बिहारशरीफ** (हि.स.)। नालंदा जिले के खोदागंज थाना क्षेत्र के सेरथुआ खुर्द गांव में सोमवार को नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान सेरथुआ खुर्द निवासी स्व.हरिचरण पंडित के पुत्र रामविलास पंडि त (76) के रूप में की गई है। वे सेवा निवृत्त शिक्षक थे।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रामविलास पंडित गांव के पश्चिम स्थित गोईठवा नदी के किनारे शौच के लिए गए थे। इसी दौरान हाथ पैर धोने के समय उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में डूब गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत होगई।घटना की सूचना मिलते ही खोदागंज थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।मृतक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों मेंकोहराम मच गया है।

## नवादा-कोडरमा उत्पाद टीम का संयुक्त छापामारी अभियानः अवैध शराब भट्टियों पर कड़ा प्रहार

**न्यूज स्केल नवादा**

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 को ध्यान में रखते हुए नवादा और कोडरमा उत्पाद विभाग की टीमों ने आज सीमा पार के इलाकों में संयुक्त छापामारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर रोक लगाना था। छापामारी ढाब जंगल और कोठिहार जंगल में की गई, जिसमें चार अवैध शराब की भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान लगभग 3500 किलोग्राम जावा महुआ और 450 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। हालांकि, इस कार्रवाई में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी, लेकिन कुल सात अभियोग दर्ज किए गए, जिन्हें कोडरमा उत्पाद टीम द्वारा दर्ज किया गया। नवादा मद्य निषेध विभाग की ओर से निरीक्षक श्री शशि भूषण कुमार के नेतृत्व में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वहीं, कोडरमा उत्पाद विभाग की टीम का नेतृत्व अवर निरीक्षक श्री शिव सागर महतो ने किया।यह संयुक्त अभियान क्षेत्र में शराब तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण और विधानसभा चुनाव के समय विधि व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आगामी दिनों में भी ऐसी छापामारी जारी रहेगी, ताकि अवैध शराब निर्माण और वितरण पूरी तरह रोका जा सके।



## नालंदा प्रशासन ने दुर्गा पूजा के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च निकाला

**न्यूज स्केल नालंदा**

दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर जिले में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सक्रिय कदम उठाए हैं। श्री कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी, नालंदा के निर्देशानुसार, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर द्वारा सिलाव बाजार और कड़ाह क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान आमजन को शांतिपूर्ण, आपसी सद्भावपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ पूजा मनाने के लिए जागरूक किया गया। जिले भर के सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी के माध्यम से निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, ड्रोन कैमरों से प्रत्येक स्थान पर नजर रखी जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि इस पर्व के दौरान सभी श्रद्धालु सुरक्षित और आनंदपूर्वक पूजा का आनंद ले सकें। प्रशासन का यह प्रयास न केवल सुरक्षा बढ़ाने के लिए है, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव और सामूहिक उत्सव की भावना को भी मजबूत करता है।



## थावे से आनंद विहार के लिए शुरू हुई अमृत भारत एक्सप्रेस

**गोपालगंज,** (हि.स.)।जिलेवासियों को आज बड़ी सौगात मिली है। स्लीपर प्रीमियम अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ सोमवार को कर दिया गया। यह ट्रेन छपरा से रवाना होकर सिवान, थावे होते हुए सीधे आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) तक जाएगी। थावे जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद, एमएलसी और सदर विधायक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया।

मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और रेलकर्मी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन संचालित होगी। नई सुविधा से जिले के यात्रियों को अब दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंचने में काफी सहूलियत होगी। यात्रियों को आधुनिक स्लीपर कोच की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा आरामदायक होगी।



# प्रसूता की मौत सेआक्रोशित परिजनों ने किया सड़क जाम

## गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर एनएच 20 जाम किया

**नालंदा, बिहारशरीफ** (हि.स.)। नालंदा जिले के दीपननगर थाना अंतर्गत देवीसराय बाईपास के पास स्थित निजी क्लिनिक में सोमवार को ऑपरेशन से प्रसव के बाद प्रसूता की मौत हो गई। गुस्साए परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एनएच 20 जाम कर दिया।



घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर जाम हटाया। करीब आधे घंटे बाद एनएच पर यातायात सुचारू हो सका। मृतका की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के बदरवाली गांव निवासी राहुल कुमार की 28 वर्षीया पत्नी खुशबू कुमारी के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि क्लिनिक संचालक ने प्रसव कराने के एवज में 60 हजार रुपया लिया। इसके बाद खून की कमी बताकर 10 हजार लिया। प्रसव के बाद प्रसूता की मौत हो गई। मौत होने के बाद मृतका को रेफर कर दिया। नवजात स्वस्थ है।थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई होगी। मौत के बाद क्लिनिक संचालक व डॉक्टर फरार हैं।

# गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्टूबर को होंगे बंद



**उत्तरकाशी,** (हि.स.)। उत्तराखंड के चारधाम में से एक गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट पर्व के दिन यानी 22 अक्टूबर का विधि विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद गंगाजी की भोग मूर्ति को डोली यात्रा के साथ मुखबा के लिए रवाना होती है। इसके अलावा यमुनोत्री धाम के कपाट बंद करने का मुहुर्त 2 अक्टूबर को विजय दशमी के दिन एक बैठक में निकाला जाएगा।

श्री गंगोत्री पंच मंदिर समिति के सचिव ने सोमवार को बताया कि इस साल गंगोत्री धाम के कपाट अन्नकूट के दिन यानी 22 अक्टूबर को

प्रातः 11:36 मिनट अभिजीत मुहूर्त पर बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद मां गंगा की भोग मूर्ति डोली में बैठाकर शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि उस दिन गंगाजी की उत्सव डोली चंडी देवी मंदिर में रात्रि प्रवास करेगी। इसके बाद अगले दिन यानी 23 अक्टूबर को मां गंगा की मूर्ति मुखबा स्थित मंदिर में विराजमान की जाएगी।

दरअसल, शारादीय नवरात्र के बाद उत्तराखंड के चारो धाम गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम में मंदिर के कपाट बंद करने और मूर्तियों को उनके शीतकालीन प्रवास पर ले जाने की तैयारियां शुरू हो जाती है। यमुनोत्री मंदिर समिति के प्रवक्ता पुरूषोत्तम उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम के कपाट बंद होने का मूर्हत 2 अक्टूबर को विजय दशमी के मौके पर निकाला जायेगा। बता दें कि यमुनोत्री धाम में कपाट बंद करने की परंपरा भैया दूज पर है । इस बार भैया दूज 23 अक्टूबर को है। मूर्हत निकलने के बाद यमुनाजी की डोली लेने के लिए खरसाली गांव से शनि महाराज की डोली यमुनोत्री पहुंचेगी। जिसके बाद शनि महाराज के नेतृत्व में मां यमुना की डोली खरसाली पहुंचेगी। कपाट बंद होने तक खरसाली में स्थित यमुना मंदिर में मां यमुना के दर्शन श्रद्धालु कर सकेंगे।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव

**मुंबई,** (हि.स)।

---------------

1. **रेपो रेट में 0.25% कटौती की संभावना।**

---------------

2. **बैठक में मौजूदा आर्थिक हालात और महंगाई पर समीक्षा होगी।**

---------------



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक सोमवार से मुंबई में शुरू हो गई। इस बैठक में मौजूदा आर्थिक हालात की समीक्षा के बाद रेपो रेट समेत प्रमुख नीतिगत दरों पर निर्णय लिया जाएगा। आर्थिक विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस बैठक में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की संभावना है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में चल रही यह बैठक 1 अक्टूबर तक चलेगी। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्रीय बैंक के लिए रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती उचित और तर्कपूर्ण होगी, क्योंकि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में खुदरा महंगाई दर नरम रहने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई में गिरावट के बीच आरबीआई ने फरवरी से अब तक रेपो रेट में कुल एक फीसदी की कटौती कर चुकी है। अगस्त में इसे यथावत रखते हुए वर्तमान में रेपो रेट 5.50 फीसदी पर है।

# सरकार ने एससी मुर्मू को आरबीआई का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्र सरकार ने शिरीष चंद्र मुर्मू को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। वह राजेश्वर राव की जगह लेंगे और उनका कार्यकाल तीन साल का होगा।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने शिरीष चंद्र मुर्मू को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। मुर्मू की नियुक्ति 9 अक्टूबर से प्रभावी होगी। वह वर्तमान में रिजर्व बैंक में कार्यकारी निदेशक हैं। मौजूदा डिप्टी गवर्नर राजेश्वर राव का स्थान लेने वाले शिरीष



चंद्र मुर्मू वर्तमान में बैंकिंग विनियमन और अन्य विभागों के प्रभारी डिप्टी गवर्नर हैं। राव का कार्यकाल 8 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो रहा है। आरबीआई में चार डिप्टी गवर्नर हैं, जो मौद्रिक नीति, वित्तीय बाज़ार विनियमन, बैंकिंग पर्यवेक्षण और विनियमन जैसे विभागों में कार्यरत हैं। मुर्मू के पोर्टफोलियो आवंटन की घोषणा अभी बाकी है।

# कुसुमगर लिमिटेड ने 650 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए दाखिल किया डीआरएचपी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। मुंबई स्थित इंजीनियर्ड फैब्रिक निर्माता कुसुमगर लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) के लिए सेबी में ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) दाखिल किया है। कंपनी अपने शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है। यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटरों द्वारा बिक्री पर आधारित है, जिसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं है। प्रमोटर सिद्धार्थ योगेश कुसुमगर, सपना सिद्धार्थ कुसुमगर और उनके एचयूएफ द्वारा 650 करोड़




रुपये तक का ऑफर-फॉर-सेल (OFS) प्रस्तावित है। आईपीओ से प्राप्त धनराशि सीधे कंपनी को नहीं मिलेगी, बल्कि प्रमोटरों को जाएगी। इसमें पात्र कर्मचारियों के लिए सदस्यता आरक्षण और छूट भी शामिल है। कुसुमगर लिमिटेड 1990 में स्थापित हुई और यह बुने हुए, लेपित और लैमिनेटेड सिंथेटिक फैब्रिक्स का निर्माण करती है। कंपनी के उत्पाद एयरोस्पेस और रक्षा, औद्योगिक और ऑटोमोटिव, तथा आउटडोर और लाइफस्टाइल फैब्रिक क्षेत्रों में उपयोग किए जाते हैं। एक्सिस कैपिटल, IIFL कैपिटल और मोतीलाल ओसवाल बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि बिगशेयर सर्विसेज रजिस्ट्रार हैं।

# विश्व हृदय दिवस 2025 : दिल की सेहत का रखें ख्याल




हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। बीते कुछ वर्षों में दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसलिए अपने दिल की देखभाल करना आज बेहद जरूरी हो गया है।

दिल की सेहत के लिए हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट अपनाना आवश्यक है। ज्यादा नमक, चीनी और प्रोसेस्ड फूड से बचें। एवोकाडो, ग्रीन लीफी वेजिटेबल्स, ड्राई फ्रूट्स और मछली जैसी सुपरफूड्स का सेवन फायदेमंद होता है।

बुरी आदतों जैसे धूम्रपान, तंबाकू, शराब और जंक फूड से दूरी बनाएं। ये आदतें दिल की धड़कन पर प्रतिकूल असर डाल सकती हैं।

तनाव, नींद की कमी और शारीरिक निष्क्रियता भी दिल की सेहत के लिए खतरा हैं। स्ट्रेस मैनेजमेंट, पर्याप्त नींद और नियमित फिजिकल एक्टिविटी जैसे योग, वॉकिंग, स्विमिंग और साइकिलिंग दिल की सुरक्षा में मदद कर सकते हैं। अपने दिल को मजबूत बनाए रखने के लिए ये छोटे लेकिन असरदार कदम अपनाना बेहद महत्वपूर्ण है।

# खाली पेट हरी इलायची खाने के फायदे : पेट, दिल और इम्यूनिटी के लिए वरदान

हरी इलायची सिर्फ खाने-पीने में स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। खाली पेट हर रोज हरी इलायची चबाने से पेट की समस्याएं जैसे गैस, अपच और ब्लोटिंग कम हो सकती हैं। इसके अलावा, इलायची ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करने में भी मददगार साबित होती है। हरी इलायची में मौजूद पोषक तत्व शरीर की ऊर्जा स्तर को बढ़ाने में योगदान करते हैं। यह थकान और कमजोरी दूर करने के साथ-साथ मूड सुधारने में भी सहायक है। सही मात्रा और तरीके से सेवन करने पर यह




आपकी फिजिकल और मेंटल हेल्थ दोनों को लाभ पहुंचाती है। सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं में भी हरी इलायची राहत देती है। इसके अलावा, यह वेट लॉस में भी मददगार हो सकती है। कुल मिलाकर हरी इलायची के औषधीय गुण आपकी सेहत को बेहतर बनाने और रोगों से बचाव करने में कारगर हैं।

# राशिफल : 30 सितंबर, 2025



मेष- कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-3-5-7



वृष- नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7



मिथुन- सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6



कर्क- समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8



सिंह- यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8



कन्या- शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8



तुला- खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8



वृश्चिक- समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5



धनु- कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9



मकर- आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8



कुंभ- सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8



मीन- शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

# पंचांग : 30 सितंबर, 2025

30 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र वृश्चिक में
मंगल तुला में
बुध कन्या में
गुरु मिथुन में
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में

लग्नारंभ समय
तुला 07.21 बजे से
वृश्चिक 09.36 ब.से
धनु 11.52 बजे से
मकर 13.57 बजे से
कुंभ 15.44 बजे से
मीन 17.17 बजे से
मेष 18.47 बजे से
वृष 20.27 बजे से
मिथुन 22.25 बजे से
कर्क 00.39 बजे से
सिंह 02.55 बजे से
कन्या 05.07 बजे से

शनिवार 2025 वर्ष का 270 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947

मास आश्विन पक्ष शुक्ल

तिथि पंचमी 12.04 बजे को समाप्त।

नक्षत्र अनुराधा 01.08 बजे रात्र को समाप्त। योग प्रीति 23.46 बजे को समाप्त। करण बालव 12.04 बजे तदनन्तर कौलव 01.18 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 05.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 010 39
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872480
जूलियन दिन 2460945.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रबी उस्सानी
तारीख 04

विशेष बिल्व निमंत्रण, स्कंद षष्ठी।




# रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में आईसीजी के बढ़ते रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया

## - आईसीजी कमांडरों के सम्मेलन में स्वदेशीकरण और आत्मनिर्भरता प्रमुख फोकस क्षेत्र होंगे

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) कमांडरों के 42वें वार्षिक सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के बढ़ते रणनीतिक महत्व और समुद्री सुरक्षा में आईसीजी की भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मेलन 29 सितंबर को तटरक्षक मुख्यालय में शुरू हुआ और 30 सितंबर तक चलेगा।

**हिंद महासागर क्षेत्र का रणनीतिक महत्व :** रक्षा मंत्री ने अपने मुख्य भाषण में हिंद महासागर क्षेत्र को वैश्विक व्यापार, ऊर्जा प्रवाह और भू-राजनीतिक जुड़ाव के लिए एक महत्वपूर्ण गलियारा बताते हुए इसकी बढ़ती रणनीतिक भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईसीजी इस क्षेत्र में गैर-पारंपरिक खतरों जैसे आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ने, तस्करी और समुद्री प्रदूषण से निपटने में अहम भूमिका निभा रहा है।

**आईसीजी की स्थापना और उपलब्धियां :** राजनाथ सिंह ने 1977 में आईसीजी की स्थापना और उसके विकास की सराहना की। उन्होंने बताया कि आज आईसीजी के पास 152 जहाज और 78 विमान हैं। तटरक्षक बल ने विदेशी मछली पकड़ने वाले 1,638 जहाजों और 13,775 मछुआरों को पकड़कर समुद्री कानून प्रवर्तन में अपनी दक्षता साबित की है।

समुद्री सुरक्षा और खोज-बचाव मिशन

आईसीजी ने जुलाई तक 76 खोज और बचाव अभियान चलाए, जिनमें 74 लोगों की जान बचाई गई। रक्षा मंत्री ने एमवी वान हाई 503 में आग और एमवी एमएससी ईएलएसए-3 के डूबने जैसी उच्च जोखिम वाली घटनाओं में आईसीजी की त्वरित कार्रवाई की भी सराहना की।

**नशीले पदार्थों की जब्ती और समुद्री कानून प्रवर्तन :** आईसीजी ने अब तक 6,430 किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ जब्त किए, जिनकी कीमत 37,833 करोड़ रुपये है। यह आंकड़ा बल की बढ़ती क्षमता और अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों से निपटने की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

**भविष्य की रणनीति और आत्मनिर्भरता :** महानिदेशक परमेश शिवमणि ने आईसीजी की हालिया प्रगति और रणनीतिक दृष्टि प्रस्तुत की। सम्मेलन में उच्च स्तरीय विचार-विमर्श के तहत स्वदेशीकरण, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत आत्मनिर्भरता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# लेह शहर में छठे दिन भी कर्फ्यू, उपराज्यपाल ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई



**लेह,** (हि.स.)।

---------------

**01: 24 सितंबर की हिंसा में मारे गए दो युवाओं का अंतिम संस्कार किया गया।**

---------------

**02 : इंटरनेट निलंबित और 60 से अधिक लोग हिरासत में, सुरक्षा बल तैनात।**

---------------

हिंसा प्रभावित लेह शहर में सोमवार को छठे दिन भी कर्फ्यू जारी रहा। कर्फ्यूग्रस्त इलाकों में स्थिति कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रही और किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई है, जो कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी कर रहे हैं। उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आज एक बैठक बुलाई है।

**हिरासत और सुरक्षा बलों की कार्रवाई :**

बंद के दौरान हुए व्यापक हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद, बुधवार शाम को लेह में कर्फ्यू लगा दिया गया था। झड़पों में लगभग 80 पुलिसकर्मियों समेत 150 से अधिक लोग घायल हुए। प्रदर्शन के बाद दो पार्षदों समेत 60 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हैं। उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार कर राजस्थान की जोधपुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

**हिंसा में हुए मृतकों का अंतिम संस्कार :** एक अधिकारी ने बताया कि 24 सितंबर को शहर में हुई व्यापक हिंसा के दौरान मारे गए दो युवाओं, स्टैनजिन नामग्याल (24) और जिग्मेट दोरजय (25), का रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। इन घटनाओं ने शहर में तनाव को और बढ़ा दिया था।

**इंटरनेट और सार्वजनिक गतिविधियों पर प्रतिबंध**

लेह शहर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी निलंबित हैं। इसके अलावा, कारगिल सहित केंद्र शासित प्रदेश के अन्य प्रमुख हिस्सों में पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगाने वाली निषेधाज्ञा लागू है। यह कदम हिंसा और असामाजिक गतिविधियों को रोकने के लिए उठाया गया है।

# महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में धर्मगुरु का नाम हाइवे पर लिखने से तनाव, प्रदर्शनकारियों ने की पत्थरबाजी

## पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाठीचार्ज कर भगाया

**मुंबई,** (हि.स.)। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर के कोटला गाँव में सोमवार को पुणे-संभाजीनगर हाइवे पर धर्मगुरु का नाम लिखने के कारण तनाव फैल गया। घटना का विरोध करते हुए एक विशेष समाज के लोग सड़क पर उतर आए और हाइवे जाम कर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों के अनुसार सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिससे विवाद और बढ़ गया।

**प्रदर्शन और पुलिस कार्रवाई**

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की, जिससे पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। लाठीचार्ज के बाद



प्रदर्शनकारियों को हाइवे से हटाया गया। कई लोगों को हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। इस दौरान हाइवे पर यातायात पूरी तरह बाधित रहा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

**प्रशासन और मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक ध्रुवीकरण की कोशिश हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले भी ऐसे प्रयास किए गए थे। मुख्यमंत्री ने पुलिस को घटना की तह तक जाने का निर्देश दिया और आम नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

**पुलिस और स्थानीय अधिकारियों की कार्रवाई :** अहिल्यानगर के जिला पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घाडगे ने बताया कि हाइवे पर धर्मगुरु का नाम लिखने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया था। कोतवाली पुलिस स्टेशन की टीम मामले की जांच कर रही है। विधानपरिषद के सभापति डॉ. राम शिंदे ने भी नागरिकों से शांति बनाए रखने का अनुरोध किया और जिला एसपी से शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वर्तमान में कोटला गाँव में तनावपूर्ण शांति व्याप्त है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# कांग्रेस ने की भाजपा नेता प्रिंटू महादेव पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने एक वीडियो शेयर करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नेता प्रिंटू महादेव ने मलयालम टीवी चैनल के डिबेट में राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी। प्रतापगढ़ी ने इस घटना पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या राहुल गांधी के साथ वही साजिश रची जा रही है जो महात्मा गांधी और इंदिरा गांधी के साथ हुई थी।

**शीर्ष नेताओं से कार्रवाई की मांग :** प्रतापगढ़ी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सवाल किया कि विपक्षी नेता की सुरक्षा के साथ ऐसा खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है। उन्होंने



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से महादेव पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि गरीबों, पिछड़ों और वंचितों की आवाज को मुखरता से उठाने वाले राहुल गांधी को रास्ते से हटाने की साजिश रची जा रही है।

**कांग्रेस का तीखा बयान**

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि विपक्षी दल विचारधारा में हारने पर शारीरिक हिंसा का सहारा लेते हैं। उन्होंने महादेव की धमकी को गरीबों और हाशिए पर पड़े वर्गों की आवाज को दबाने की कोशिश बताया।

**सुरक्षा खतरे पर चिंता :** कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इसे "सोच-समझकर दी गई धमकी" बताया और राहुल गांधी की सुरक्षा पर गंभीर खतरे की चेतावनी दी। महादेव लद्दाख हिंसा पर चर्चा के दौरान टीवी डिबेट में यह बयान दे चुके हैं। महादेव पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के केरल राज्य अध्यक्ष रह चुके हैं।

# महाराष्ट्र के संभाजीनगर में बाढ़ का कहर बरकरार, 400 परिवारों को किया गया स्थानांतरित

## -संरक्षक मंत्री संजय सिरसाट ने किया बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा

**मुंबई,** (हि.स.)। महाराष्ट्र के मराठावाड़ विभाग के संभाजीनगर में पिछले दो दिनों से बाढ़ का संकट जारी है। भिवगांव, नारायणगांव समेत 12 गाँव बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं, जिससे फसलें नष्ट हुई हैं और करोड़ों रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार सुबह तक करीब 400 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया। संरक्षक मंत्री संजय सिरसाट और विधायक रमेश बोरनारे ने नाव से बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया। इसके बाद मीडिया



से बात करते हुए सिरसाट ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रभावितों तक जीवनावश्यक वस्तुएं पहुंचाई जा रही हैं। बाढ़ में फंसे लोगों को तत्काल बचाने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में प्रभावितों के लिए मदद का निर्णय लिया जाएगा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार संभाजीनगर में लगातार चार दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिससे कई घर बह गए और किसानों के जानवर भी प्रभावित हुए। नारंगी बांध से 1600 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे पानी का बहाव और बढ़ सकता है। उप-विभागीय अधिकारी डॉ. अरुण जरहाद और तहसीलदार सुनील सावंत नदी किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे हैं। वैजापुर-विरगाँव पुलिस और नगर पालिका कर्मचारी नागरिकों को राहत कार्य और जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

# मेघालय में 2.5 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार, जेल

**शिलांग,** (हि.स.)। मेघालय में मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पश्चिमी जयंतिया हिल्स ज़िले में लगभग 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन ज़ब्त की और मणिपुर निवासी दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पश्चिमी जयंतिया हिल्स जिले के पुलिस के अनुसार, जिले की पुलिस और राज्य मादक पदार्थ निरोधक कार्य बल (एएनटीएफ) की संयुक्त टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर बीती देर रात को फ्रामर मेर पुलिस यातायात प्रकोष्ठ के पास यह कार्रवाई की। जिला पुलिस अधीक्षक



(एसपी) गिरि प्रसाद ने बताया कि खलीहरियात से जोवाई जा रहे वाहन की गहन तलाशी ली गई। निरीक्षण के दौरान, पुलिस ने हेरोइन से भरे प्लास्टिक के 50 साबुनदानी बरामद किए, जिनका वजन लगभग 512.63 ग्राम था।

गिरफ्तार दोनों व्यक्ति फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं और तस्करी के स्त्रोत और गंतव्य का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।



# बांग्लादेश में आदिवासी इलाके में हिंसा, तीन की मौत

**ढाका,** (हि.स.)। बांग्लादेश के पहाड़ी जिले खगराछारी में एक आदिवासी छात्रा से कथित गैंगरेप के बाद हिंसा भड़क गई। रविवार को गृह मंत्रालय ने पुष्टि की कि गुइमारा उपजिला में उपद्रवियों के हमले में तीन आदिवासी मारे गए, जबकि एक मेजर सहित 13 सैन्यकर्मी, गुइमारा थाना प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मी घायल हुए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) तैनात किए गए हैं।

**छात्रा से गैंगरेप के बाद तनाव**
स्थानीय मीडिया के अनुसार, मंगलवार को आठवीं कक्षा की एक आदिवासी छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई। इसको लेकर 'जम्मु स्टूडेंट्स' नामक समूह ने विरोध प्रदर्शन किया। देखते ही देखते विरोध हिंसक हो गया और आदिवासियों व बंगालियों के बीच झड़पें शुरू हो गईं।

**धारा 144 के बावजूद हिंसा**
प्रशासन ने इलाके में धारा 144 लागू कर रैलियों पर प्रतिबंध लगाया था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों समुदायों ने एक-दूसरे की दुकानों और घरों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने तीन मौतों की पुष्टि की है, हालांकि मृतकों की पहचान उजागर नहीं की गई है।

**आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी**
पुलिस के मुताबिक, छात्रा को ट्यूशन से लौटते समय अगवा कर दुष्कर्म किया गया। उसे बेहोशी की हालत में परिजनों ने बरामद किया। बाद में एक नाबालिग लड़के को आरोपी मानते हुए छह दिन की रिमांड पर लिया गया है। गृह मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

## मिशिगन के चर्च में गोलीबारी और आगजनी, पांच की मौत, आठ घायल

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका के मिशिगन राज्य में रविवार को हुई भयावह घटना ने लोगों को दहला दिया। ग्रैंड ब्लैंक टाउनशिप स्थित चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स में 40 वर्षीय थॉमस जैकब सैनफोर्ड ने प्रार्थना कर रहे श्रद्धालुओं पर असॉल्ट राइफल से अंधाधुंध फायरिंग की। इस गोलीबारी और उसके बाद लगी आग में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें संदिग्ध भी शामिल है। आठ लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि कई लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार सैनफोर्ड ने चर्च में आग लगाने के लिए विस्फोटक उपकरण और एक्सीलेरेंट पदार्थ का इस्तेमाल किया। घटनास्थल से तीन उपकरण बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने गोलीबारी और आग की लपटों से मची अफरातफरी के बीच सैनफोर्ड को चर्च के पीछे पार्किंग स्थल में ढेर कर दिया। जांच की जिम्मेदारी एफबीआई ने संभाल ली है। रिकॉर्ड्स से पता चला है कि सैनफोर्ड का सैन्य पृष्ठभूमि से संबंध था। उन्होंने 2004 से 2008 तक अमेरिकी मरीन कॉर्प्स में सेवा की और सार्जेंट पद तक पहुंचे। उन्हें कई सैन्य पदक भी मिले थे। अधिकारियों का कहना है कि हमले का मकसद अभी साफ नहीं हो पाया है। इस हत्याकांड ने मिशिगन समेत पूरे अमेरिका को झकझोर दिया है।

# राष्ट्रपति ट्रंप आज शीर्ष सैन्य अधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे

**अमेरिकी,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को पुष्टि की कि वे मंगलवार को वर्जीनिया स्थित मरीन कॉर्प्स बेस क्वांटिको में होने वाली शीर्ष सैन्य अधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक का आयोजन रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के आदेश पर किया जा रहा है, जिसमें सभी जनरलों और फ्लैग ऑफिसर्स की मौजूदगी अनिवार्य की गई है।

**सुरक्षा और सीक्रेट सर्विस की तैनाती :** व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रंप इस बैठक को संबोधित भी करेंगे। उनकी उपस्थिति के चलते अब कार्यक्रम की सुरक्षा की जिम्मेदारी




सीक्रेट सर्विस संभालेगी। पेंटागन के आसपास के कार्यालयों और मरीन कॉर्प्स यूनिवर्सिटी परिसर में व्यापक सुरक्षा इंतज़ाम किए गए हैं।

**आदेश की सख़्ती और शक्ति प्रदर्शन :** सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हेगसेथ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि कोई अधिकारी अनुपस्थित रहता है तो उसे पर्याप्त कारण बताना होगा। इसे शक्ति प्रदर्शन और सैन्य अनुशासन कसने का प्रयास माना जा रहा है। एक अधिकारी ने टिप्पणी की कि यह "घोड़ों को अस्तबल में लाकर उन्हें चाबुक से नियंत्रित करने" जैसा कदम है।

**यूटा नेशनल गार्ड को आमंत्रण नहीं :** दिलचस्प बात यह है कि यूटा नेशनल गार्ड के चार शीर्ष जनरलों को इस बैठक में शामिल होने का निमंत्रण नहीं दिया गया। पेंटागन प्रवक्ता सीन पार्नेल ने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार किया। माना जा रहा है कि यह निर्णय राजनीतिक और रणनीतिक कारणों से लिया गया है।

## मिशिगन चर्च गोलीबारी की घटना को ट्रंप ने ईसाइयों पर हमला बताया

**ग्रैंड ब्लैंक (मिशिगन),** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मिशिगन के ग्रैंड ब्लैंक टाउनशिप में एक चर्च में हुई गोलीबारी की घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे ईसाइयों के खिलाफ हमला बताया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस से जारी बयान में कहा, "यह हिंसा की महामारी है जो अमेरिका को नष्ट कर रही है। इसे तुरंत रोकना होगा।" उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए इससे निपटने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सराहना की। गौरतलब है कि रविवार को संदिग्ध हमलावर 40 वर्षीय थॉमस जैकब सैंडफोर्ड अपने ट्रक को "चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स " के अंदर ले गया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद उसने इमारत में आग लगा दी। हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए जबकि आठ अन्य गंभीररूप से घायल हो गए। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह भी मारा गया।

## बुलेटिन बॉक्स

» मिशिगन चर्च गोलीबारी – अमेरिका के मिशिगन में चर्च में गोलीबारी, 5 की मौत, 8 घायल।

» सऊदी-पाक रक्षा समझौता – ईरान ने इस समझौते में शामिल होने की इच्छा जताई।

» ट्रंप की बैठक – राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वर्जीनिया में शीर्ष जनरलों की बैठक में होंगे शामिल।

» अफगानिस्तान-अमेरिका संबंध – अफगानिस्तान ने एक और अमेरिकी नागरिक आमिर अमीरी को जेल से रिहा किया।

» बांग्लादेश हिंसा – खगराचारी जिले में भड़की हिंसा, 3 आदिवासी मारे गए, कई पुलिसकर्मी घायल।

## ईरान को सऊदी-पाकिस्तान रक्षा समझौते में शामिल होना चाहिए : खामनेई के सलाहकार

**तेहरान,** (हि.स.)। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल याह्या रहीम सफवी ने सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते का स्वागत किया है। उन्होंने इसे क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग की दिशा में एक अहम पहल बताते हुए सुझाव दिया कि ईरान को भी इसमें शामिल होना चाहिए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सफवी ने कहा कि यह समझौता मुस्लिम देशों के बीच सामूहिक रक्षा ढांचे को मजबूत कर सकता है। उन्होंने इशारा किया कि ईरान, सऊदी अरब, पाकिस्तान और इराक मिलकर एक साझा रक्षा प्रणाली की ओर बढ़ सकते



हैं। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि सऊदी अरब और पाकिस्तान ऐसे किसी समझौते को अमेरिकी मंजूरी के बिना अंतिम रूप नहीं देंगे।

उल्लेखनीय है कि यह बयान रियाद में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच हुए समझौते के एक सप्ताह बाद आया है। इसके तहत दोनों देशों ने तय किया है कि उन पर किसी भी आक्रमण को संयुक्त हमला माना जाएगा। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस समझौते का स्वागत किया और कहा कि यह पश्चिम एशिया में मुस्लिम देशों के बीच सुरक्षा व रक्षा सहयोग की नई शुरुआत है। वहीं सफवी ने इजरायल से उत्पन्न खतरों का हवाला देते हुए ईरान की रक्षात्मक और आक्रामक क्षमताओं को और सशक्त करने पर जोर दिया।

## अफगानिस्तान ने एक और अमेरिकी नागरिक को छोड़ा



**वाशिंगटन/काबुल,** (हि.स.)। अफगानिस्तान ने एक और अमेरिकी नागरिक आमिर अमीरी को रिहा कर दिया है। वह इस साल जेल से छोड़े गए पांचवें अमेरिकी हैं। उनकी रिहाई में कतर ने अहम भूमिका निभाई, जिसके लिए वाशिंगटन ने दोहा का आभार जताया। अमेरिकी विदेशमंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को अमीरी की रिहाई की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें गलत तरीके से हिरासत में लिया गया था। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व और प्रतिबद्धता की सराहना की तथा कतर को भी श्रेय दिया। रुबियो ने स्पष्ट किया कि अभी भी कई अमेरिकी अफगानिस्तान में बंद हैं और ट्रंप तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सभी को वापस नहीं लाया जाता। अधिकारी के मुताबिक अमीरी के पास विशेष आप्रवासी वीजा था और उनकी सुरक्षित वापसी के बदले तालिबान को कुछ नहीं दिया गया। इससे पहले तालिबान सरकार ने एक बुज़ुर्ग ब्रिटिश दंपति को रिहा किया था। अमीरी को काबुल में अमेरिकी दूत एडम बोहलर के हवाले किया गया।

## पूर्व विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा के कई ठिकानों पर काठमांडू में सीआईबी की छापेमारी

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल की पूर्व विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा के काठमांडू स्थित कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई है। नेपाल पुलिस की केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) की टीम ने काठमांडू में उनके घर, मायके और रिश्तेदारों के घर पर छापे मारे हैं। बीती रात से लगातार जांच चलने के कारण सीआईबी के अधिकारी इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दे रहे हैं।

सीआईबी के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक डॉ. मनोज केसी ने बताया कि डॉ. आरजू राणा के घर पर करोड़ों रुपये के नोट मिलने के संदर्भ में जांच को आगे बढ़ाने के लिए छापेमारी की गई है। उन्होंने स्वीकार किया कि रविवार की मध्य रात से




डॉ. आरजू राणा के सानेपा स्थित माता पिता के घर पर, जावलाखेल स्थित आरजू के भाई भूषण राणा के घर पर, बुढानिलकण्ठ स्थित उनके बेटे जयवीर के घर पर, डॉ. राणा के समधी यानी जयवीर के ससुराल में छापेमारी की जा रही है।

डॉ. आरजू पर बड़ी राजनीतिक नियुक्तियों से लेकर सरकार की ट्रांसफर, पोस्टिंग में बड़ी रकम का लेनदेन करने का आरोप है। सीआईबी का दावा है कि इन सभी बड़े लेनदेन में वह अपने परिवार वालों का इस्तेमाल किया करती थी। सरकार ने पहले ही डॉ. आरजू राणा और उनके पति डॉ. शेरबहादुर देउवा का पासपोर्ट रद्द कर दिया है। विदेश जाने की तैयारी में देउवा दंपत्ति ने 19 सितंबर को नया पासपोर्ट जारी कराया था। सरकार के पास इस बात की सूचना थी कि दोनों नए पासपोर्ट के जरिए सिंगापुर जाने की तैयारी में थे, लेकिन बीते दिन सरकार ने सभी पूर्व प्रधानमंत्री तथा कई बड़े मंत्रियों के पासपोर्ट निलंबित करने का निर्देश दिए थे।




# बीसीसीआई टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ को देगा 21 करोड़ रुपये का इनाम

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। एशिया कप 2025 जीतने के बाद भारतीय टीम पर इनामों की बारिश शुरू हो गई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली टीम इंडिया और सपोर्ट स्टाफ को कुल 21 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। यह रकम टूर्नामेंट की आधिकारिक प्राइज मनी से आठ गुना अधिक है।

फाइनल मुकाबले में तिलक वर्मा की नाबाद 69 रनों की अर्धशतकीय पारी ने भारत को 5 विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने पाकिस्तान को इस टूर्नामेंट में तीसरी बार हराया और लगातार नौवीं बार एशिया कप खिताब अपने नाम किया।

बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर लिखा, *"तीन वार। शून्य जवाब। एशिया कप चैम्पियंस। संदेश साफ है। टीम और सपोर्ट स्टाफ के लिए 21 करोड़ रुपए का इनाम।" * हालांकि बोर्ड ने इस पुरस्कार राशि के विभाजन की विस्तृत जानकारी अभी तक साझा नहीं की है। टीम को टूर्नामेंट आयोजकों से अलग से आधिकारिक प्राइज मनी के तौर पर यूएसडी 300,000 (लगभग 2.6 करोड़ रुपये) भी मिलेगी। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने न केवल एशिया कप पर अपना दबदबा कायम किया, बल्कि आने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भी मजबूत संदेश दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी पुरस्कार राशि टीम के मनोबल को और बढ़ाएगी और खिलाड़ियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रेरित करेगी।

# स्ट्रोक से वर्ल्ड चैंपियन तक : अद्भुत और प्रेरणादायी है पोलैंड की मैग्दलेना की यात्रा

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

जब पोलैंड की मैग्दलेना एंड्रुस्ज़किविच ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में महिलाओं की T72 400 मीटर फाइनल साइकिल रेस की फिनिश लाइन पार की, तो जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। दर्शकों के लिए यह एक दिव्यांग एथलीट की शानदार जीत थी, लेकिन मैग्दलेना के लिए यह सात वर्षों की संघर्ष, धैर्य और अटूट उम्मीदों का परिणाम था। 37 वर्षीय मैग्दलेना की कहानी किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं। सात साल पहले आए



स्ट्रोक ने उनके जीवन की दिशा बदल दी थी। शरीर का एक हिस्सा निष्क्रिय हो गया और उन्हें लगा कि सब कुछ खत्म हो गया है, लेकिन इसी मोड़ ने उनकी नई यात्रा की शुरुआत की। फिजियोथेरेपी के दौरान फ्रेम साइकिल चलाना उनके लिए उम्मीद की पहली किरण बना। वह कहती हैं, "शुरुआत में यह सिर्फ पैरों पर खड़े होने की कोशिश थी। धीरे-धीरे यह जुनून बन गया और फिर मेरी पूरी ज़िंदगी।"

पांच साल पहले उन्होंने पैरा एथलेटिक्स को पूरी तरह अपनाया। जापान के कोबे में आयोजित पिछले संस्करण में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले, 2023 पेरिस विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में वह रजत जीत चुकी थीं। रविवार को दिल्ली में उन्होंने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित करते हुए 1 मिनट 13 सेकंड में दौड़ पूरी की और सफलतापूर्वक अपने खिताब की रक्षा की।

मैग्दलेना का सपना अब 2028 लॉस एंजेलिस पैरालंपिक्स में T72 इवेंट का पदार्पण और वहां स्वर्ण पदक जीतना है। भारत में पहली बार प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने दर्शकों के उत्साह और गर्मजोशी की तारीफ की—"भारत शानदार है, यहां की ऊर्जा ने मुझे प्रेरित किया।"

स्ट्रोक से पहले वह एक नर्तकी थीं। नृत्य से मिली अनुशासन, लय और धैर्य की शिक्षा ही उनके खेल जीवन में सहारा बनी।

आज मैग्दलेना सिर्फ ट्रैक की चैंपियन नहीं, बल्कि साहस और उम्मीद की प्रतीक हैं। भविष्य के पैरा एथलीटों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा, "खेल सबके लिए हैं। शारीरिक अक्षमता मायने नहीं रखती—जुनून है तो कुछ भी संभव है।"

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम को 1-0 से हराया

## -कनिका सिवाच ने भारत के लिए विजयी गोल किया

**कैनबरा,** (हि.स.)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे के तीसरे मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम को 1-0 से हराया। नेशनल हॉकी सेंटर, कैनबरा में खेले गए इस मुकाबले में कनिका सिवाच (32') ने भारत के लिए निर्णायक गोल किया।



पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन तीसरी क्वार्टर के शुरुआती मिनटों में कनिका सिवाच के महत्वपूर्ण फील्ड गोल ने भारत को जीत दिलाई। इससे पहले भारत ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 के खिलाफ लगातार दो मैच हारे थे, लेकिन इस जीत के साथ भारतीय टीम ने आत्मविश्वास वापस पाया है और बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रखती है।

भारत की अगली भिड़ंत ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर हॉकी वन लीग क्लब, कैन्बरा चिल के खिलाफ होगी। ये मैच क्रमशः 30 सितंबर और 2 अक्टूबर को खेले जाएंगे, जिसके बाद भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा समाप्त होगा।

# एशिया कप फाइनल विवाद पर बोले सूर्यकुमार यादव- 'चैंपियन टीम को ट्रॉफी से वंचित होते पहली बार देखा',

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एशिया कप फाइनल के बाद भारत की ऐतिहासिक जीत के साथ एक अभूतपूर्व घटना सामने आई। पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर नौवीं बार खिताब जीतने के बावजूद भारतीय टीम ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृहमंत्री मोहसिन नक़वी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इसके चलते पुरस्कार वितरण नहीं



हो सका और टीम को खिताबी ट्रॉफी से वंचित रहना पड़ा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह खिलाड़ियों की मेहनत का फल है और असली ट्रॉफी उनके साथी खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ हैं। उन्होंने घोषणा की कि टूर्नामेंट की पूरी मैच फीस भारतीय सेना को दान करेंगे। सूर्यकुमार ने हंसते हुए कहा कि टीम डेढ़ घंटे तक ट्रॉफी का इंतजार करती रही, लेकिन अंततः खिलाड़ी मंच पर जाकर खुद जश्न मनाने लगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नक़वी से ट्रॉफी न लेने का निर्णय खिलाड़ियों का अपना था।

# भारत ने मोहसिन नक़वी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से किया इनकार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। एशिया कप 2025 फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर रिकॉर्ड नौवीं बार खिताब जीतने वाली भारतीय टीम ने समारोह में बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नक़वी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। मैच के बाद प्रस्तुति समारोह लगभग एक घंटे देरी से शुरू हुआ। इस दौरान नक़वी मौजूद थे, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों की आपत्ति के कारण उन्हें केवल पाकिस्तान कप्तान सलमान आगा को रनर-अप चेक सौंपने का




मौका मिला। वहीं, खिलाड़ियों को मेडल्स बांग्लादेश के अमीनुल इस्लाम ने प्रदान किए। इसके बाद भारतीय टीम ने न तो ट्रॉफी ली और न ही मेडल, बल्कि केवल "चैंपियंस" बैनर के साथ जश्न मनाया। फाइनल से पहले ही रिपोर्ट्स में भारतीय खिलाड़ियों द्वारा नक़वी से ट्रॉफी न लेने की अटकलें लगाई गई थीं

# स्विस सुपरस्टार कैथरीन डेब्रुनर ने पदकों के अपने संग्रह में जोड़ा एक और स्वर्ण

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। स्विट्ज़रलैंड की मशहूर पैरा एथलीट कैथरीन डेब्रुनर ने रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 5000 मीटर टी54 फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली।

30 वर्षीय डेब्रुनर ने 12:18.29 मिनट में रेस पूरी करते हुए चीन की तियान याजुआन और अपनी हमवतन पेट्रीसिया ईचस को पछाड़ा। इससे पहले वह विश्व चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण और तीन रजत पदक जीत चुकी हैं, जबकि पेरिस पैरालंपिक 2024 में उन्होंने पांच स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया था।

भारत में अपने पहले अनुभव पर उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल अलग संस्कृति और देश है और यहां का अनुभव बेहद खास रहा। साथ ही नए



मोंडो ट्रैक और स्टेडियम की सराहना करते हुए उन्होंने आयोजकों का धन्यवाद किया।

डेब्रुनर ने आठ साल की उम्र में खेलों की शुरुआत की थी और आज वह पैरा स्पोर्ट्स की वैश्विक प्रतीक बन चुकी हैं। 2023 में उन्हें लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर विद ए डिसएबिलिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है, जिसमें उन्हें बेहतरीन खिलाड़ी और इंसान बनने का अवसर मिला।

इस जीत के साथ डेब्रुनर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि धैर्य, जुनून और उत्कृष्टता उन्हें इस पीढ़ी की सबसे महान पैरा एथलीटों में शुमार करते हैं।

# डेनिस ग्नेजदिलोव ने एफ40 शॉटपुट में दो विश्व रिकॉर्ड के साथ मारी बाजी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।

जब पोलैंड की मैग्दलेना एंड्रुस्ज़किविच ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिनई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही पैरा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सोमवार का दिन कई रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियों का गवाह बना। जॉर्जिया मूल के 38 वर्षीय डेनिस ग्नेज़दिलोव ने पुरुषों के शॉटपुट F40 इवेंट में स्वर्ण पदक जीतते हुए विश्व रिकॉर्ड को लगातार दो बार ध्वस्त किया। उन्होंने पहले 11.85 मीटर थ्रो के साथ पैरालंपिक चैंपियन मिगुएल



मोंटेइरो का रिकॉर्ड तोड़ा और फिर अंतिम प्रयास में 11.92 मीटर की दूरी तय कर अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। इस उपलब्धि के साथ ग्नेज़दिलोव ने तीसरा विश्व खिताब अपने नाम कर इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ा।फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा, जहां पुर्तगाल के मोंटेइरो और इराक के गर्राह तनायाश ने कड़ा मुकाबला दिया। जर्मनी के यानिस फिशर भी खिताबी दौड़ में शामिल थे। भारतीय खिलाड़ियों में दयावंती ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो F64 फाइनल में 27.94 मीटर का प्रयास कर एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा, हालांकि वे चौथे स्थान पर रहीं। आयुष वर्मा पुरुषों के शॉटपुट F5 फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे, जबकि रोंगाली रवि 10.10 मीटर थ्रो के बावजूद पदक से चूक गए। दिन में अन्य दो चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी बने। पोलैंड के बार्टोज़ गोरज़ाक ने पुरुषों के शॉटपुट F53 फाइनल में 8.67 मीटर थ्रो किया, वहीं मेक्सिको की ओसिरिस एनेथ मचाडो ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो F44 फाइनल में 44.36 मीटर की दूरी तय कर रिकॉर्ड बनाया। पदक तालिका में पोलैंड चार स्वर्ण और चार कांस्य के साथ शीर्ष पर है, जबकि भारत 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य के साथ 13वें स्थान पर बना हुआ है।